इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -256 | राजनांदगांव, शुक्रवार 02 अगस्त 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# नए संसद भवन की छत से टपकने लगा पानी, नीचे रखी बाल्टी

## विपक्ष ने कहा संसद के बाहर पेपर लीक, अंदर पानी लीक

नई दिल्ली। देश का नया संसद भवन करीब एक साल पहले बनकर तैयार हुआ है, इस संसद भवन की छत से पानी टपकने लगा है. संसद की लॉबी में गिर रहे पानी के लिए नीचे एक बाल्टी रख दी गई. जिसमें पानी जमा हो रहा है. जिसके लेकर कांग्रेस के मणिकम टैगोर ने सरकार पर निधाना साधते हुए कहा कि संसद के बाहर पेपर लीक अंदर पानी लीक।



नए संसद भवन में पानी टपकने को लेकर लोकसभा सचिवालय ने कहा कि ग्रीन संसद की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए संसद भवन के कई हिस्सों में कांच के गुंबद (ग्लास डोम) लगाए गए हैं ताकि नेचुरल लाइट आ सके. इसमें लॉबी भी शामिल है. भारी बारिश के बाद ग्लास डोम को सील करने के लिए लगाया गया पदार्थ हट गया था. जिसके चलते पानी का रिसाव हुआ. हालांकि इसे अब ठीक कर लिया गया है. सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इस नई संसद से अच्छी तो वो पुरानी संसद थी. जहां पुराने सांसद भी आकर मिल सकते थे.

क्यों न फिर से पुरानी संसद चलें, कम से कम तब तक के लिए, जब तक अरबों रुपयों से बनी संसद में पानी टपकने का कार्यक्रम चल रहा है. जनता पूछ रही है कि भाजपा सरकार में बनी हर नई छत से पानी टपकना, उनकी सोच-समझकर बनाई गई डिजाइन का हिस्सा होता है या फिर. गौरतलब है कि दिल्ली में हो रही लगातार बारिश के चलते हालात खराब है. 27 जुलाई को ओल्ड राजेंद्र नगर में बारिश के बाद पानी भरने से राउ कोचिंग इंस्टीट्यूट के बेसमेंट में पानी भर गया, इसमें तीन स्टूडेंट्स की जान चली गई. वहीं 31 जुलाई को सिर्फ एक घंटे में 114 मिमी बारिश हुई. इसके चलते संसद, सुप्रीम कोर्ट, एम्स, लुटियंस दिल्ली, भारत मंडपम, इंडिया गेट-रिंग रोड टनल, प्रगति मैदान पानी में डूबे रहे।

### पीएम नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट थी नई संसद

नए संसद भवन का उद्घाटन 28 मई 2023 को हुआ था, प्रधानमंत्री ने 10 दिसंबर 2020 को इसकी आधारशिला रखी थी. नए संसद भवन का निर्माण 15 जनवरी 2021 को शुरू हुआ था. इस बिल्डिंग को पिछले साल नवंबर में पूरा हो जाना था. सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बनी ये बिल्डिंग प्रधानमंत्री मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है. इसे 28 महीने में बनाया गया।

### नए संसद भवन का 20 विपक्षी पार्टियों ने किया था बहिष्कार

गौरतलब है कि नई संसद का कांग्रेस सहित 20 विपक्षी पार्टियों ने उद्घाटन समारोह के बहिष्कार किया था. विपक्ष का कहना था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दरकिनार कर प्रधानमंत्री मोदी से इसका इनॉगरेशन कराने का निर्णय न केवल गंभीर अपमान है बल्कि यह लोकतंत्र पर भी सीधा हमला है. वहीं भाजपा समेत 25 पार्टियां उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं।

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-क्या सीएम हाउस में गुंडे होने चाहिए : केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव को फटकार



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'उन्होंने (बिभव कुमार) इस तरह आचरण किया जैसे कोई गुंडा मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में घुस गया हो।' सुप्रीम कोर्ट ने बिभव कुमार के वकील से पूछा कि 'क्या मुख्यमंत्री आवास निजी बंगला है? क्या इस तरह के गुंडे को मुख्यमंत्री आवास में काम करना चाहिए?'

### अभिषेक मनु सिंघवी ने उठाए सवाल

केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार ने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उनकी जमानत खारिज करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। बिभव कुमार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्जल भुयन ने मामले की सुनवाई अगले बुधवार तक टाल दी है। सुनवाई के दौरान बिभव के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 'बिभव कुमार बीते 75 दिनों से हिरासत में हैं। सिंघवी ने इस बात पर भी सवाल उठाया कि स्वाति मालीवाल ने घटना के तीन दिन बाद क्यों एफआईआर दर्ज कराई? लेकिन वहीं बिभव की शिकायत उसी दिन दर्ज नहीं की गई। सिंघवी ने कहा कि मालीवाल की चोटें गंभीर नहीं थीं और सामान्य चोटें थी। वह घटना वाले दिन ही वह पुलिस स्टेशन गईं थी, लेकिन बिना शिकायत के वापस क्यों लौट आईं?'

### सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हत्यारों और लुटेरों को जमानत मिल सकती है, लेकिन मालीवाल के मामले में बिभव कुमार पर जो आरोप हैं, हम उन्हें खुले में भी नहीं पढ़ना चाहते। जब मालीवाल ने बिभव को शारीरिक समस्या की वजह से मारपीट न करने की अपील की थी, तब भी ये व्यक्ति नहीं रुका! वह क्या सोच रहा था, सत्ता इसके सिर चढ़ गई थी?

### स्वाति मालीवाल से मारपीट का है आरोप

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की शिकायत पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कुल्लू-मनाली, मंडी में फटे बादल, लोगों की गई जान और कई लापता



कुल्लू-मनाली। हिमाचल प्रदेश के शिमला, मनाली और कुल्लू इन दिनों घूमने के लिए बिल्कुल भी सेफ नहीं हैं। यहां पिछले 24 घंटे के दौरान बादल फटने से कई लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग लापता है। रातभर हुई मूसलाधार बारिश के चलते नदियां उफान पर हैं।

कब क्या हो जाए, कोई नहीं जानता। यहां अगले 36 घंटों के दौरान भी तेज बारिश की संभावना है। राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने घूमने आए लोगों से नदियों के पास न जाने की अपील की है। जानकारी के मुताबिक एक हादसा शिमला के रामपुर गांव समेश खढ़ में हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के पास में हुआ है। यहां बादल फटने से लोगों की जान चली गई है। 20 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। मौके से दो लोगों को बचा लिया गया है। घटना देर रात 1 बजे हुई है। हालात यह है कि सड़क बहने लगी हैं, जिस कारण रेस्क्यू ऑपरेशन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वायनाड में लैंडस्लाइड- अब तक 293 मौतें

वायनाड। केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 293 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग आज तीसरे दिन भी लापता हैं। मौसम विभाग ने आज (गुरुवार को) फिर से वायनाड में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने फिर से कुछ जगहों पर लैंडस्लाइड का खतरा जताया है। वहीं, आर्मी के जनरल कमांडर ऑफिसर मेजर जनरल वीटी मैथ्यू ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। अब हम केवल शवों को खोजने का काम कर रहे हैं।

अगर हमें घरों में कोई फंसा मिलेगा तो उसे निकालेंगे। बारिश के चलते काम में दिक्कत आ रही है। आर्मी के 5 टीमों और 3 डॉग्ज को यहां डिप्लॉय किया गया है। शाम को खतरे के चलते ऑपरेशन बंद कर देंगे। इस बीच राहुल गांधी और प्रियंका गांधी चूरलमाला पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात की। लैंडस्लाइड से सबसे ज्यादा नुकसान यहीं हुआ है। यहां के बाद दोनों रिलीफ कैंप जाकर पीड़ितों से मिलेंगे। राहुल वायनाड और रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीते थे। उन्होंने वायनाड सीट छोड़ दी थी। अब



**'वही दुख महसूस हो रहा, जो पिता की मौत पर हुआ था', वायनाड लैंडस्लाइड पर बोले राहुल गांधी**

प्रियंका वायनाड से चुनाव लड़ने वाली हैं। लैंडस्लाइड सोमवार देर रात करीब 2 बजे और मंगलवार सुबह 4 बजे के बीच मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गई थीं। बुधवार देर रात तक 1592 लोगों का रेस्क्यू किया गया, 3 हजार लोगों को राहत शिविर में भेजा गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद में बताया- 23-24 जुलाई को ही केरल सरकार को अलर्ट किया गया था, सरकार समय रहते लोगों को हटाती तो इतना नुकसान नहीं होता। इस पर केरल ष्रुरू विजयन ने कहा- जब ऐसा कुछ होता है, तो आप दूसरों पर दोष मढ़कर जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। ढ्रुरू ने त्रासदी से पहले एक बार भी रेड अलर्ट जारी नहीं किया। सीएम ने गुरुवार को कोझिकोड से वायनाड तक हवाई दौरा करके हालातों का जायजा लिया। इसके बाद वह वायनाड के कलपेट्टा में सिविल स्टेशन पहुंचे। उन्होंने सर्वदलीय बैठक की। वह अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगे। केरल विधानसभा के स्पीकर एएन शमसीर भी पीड़ितों का हाल जानने मेप्पडी के हेल्थ सेंटर पहुंचे है। यहां 90 शव रखे हुए है।

### कलेक्टर ने लोगों से घरों को छोड़ने को कहा

वायनाड कलेक्टर डीआर मेगाश्री ने भारी बारिश और लैंडस्लाइड की आशंका के बीच कुरुम्बालाकोट्टा, लाकिती मणिकुन्नु माला, मुत्तिल कोलपारा कॉलोनी, कपिकालम, सुधांगिरी और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में 20 आईएएस का तबादला: महासमुंद, कोरिया और बीजापुर के कलेक्टर बदले

रायपुर (दावा)। राज्य सरकार ने गुरुवार को 20 आईएएस अधिकारियों के प्रभार के प्रभार में फेरबदल किया है। 2003 बैच की आईएएस ऋतु सैन के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से छत्तीसगढ़ लौटने पर उन्हें ओएसडी, सह निवेश आयुक्त राज्य औद्योगिक विकास निगम, दिल्ली मुख्यालय में पदस्थ किया गया है।




- आईएएस ऋतु सैन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटीं
- शारदा वर्मा संभालेगी वित्त, महादेव कांवरे रायपुर
- नीलम नामदेव एक्का बिलासपुर के आयुक्त बने

2008 बैच की आइएएस शारदा वर्मा को वित्त विभाग और वाणिज्यकर(पंजीयन) विभाग में पदस्थ किया गया है। आईएएस महादेव कांवरे को रायपुर और नीलम नामदेव एक्का को आयुक्त बिलासपुर में पदस्थ किया गया है। इसी तरह तीन जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। इनमें विनय कुमार लंगेह को महासमुंद, चंदन संजय त्रिपाठी को कोरिया और संवित मिश्रा को बीजापुर का कलेक्टर बनाया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# जुलाई में जीएसटी राजस्व 1.82 लाख करोड़

नयी दिल्ली, 01 अगस्त (वार्ता) माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष में जुलाई महीने में1.82 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने के 1.65 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व की तुलना में 10.3 प्रतिशत अधिक है।




जीएसटी निदेशालय द्वारा आज जारी मासिक आंकड़ों के अनुसार रिफंड के बाद जुलाई 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 165793 करोड़ रुपये रहा है जो जुलाई 2023 के शुद्ध संग्रह 144897 से 14.4 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 182075 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीटी 32386 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 40289 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 96447 करोड़ रुपये है, जिसमें आयात पर संग्रहित 47009 करोड़ रुपये भी शामिल है। इसके साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति कर के तौर पर 12953 करोड़ रुपये, जिसमें आयात पर संग्रहित 1029 करोड़ रुपये भी शामिल है।

# युवती से अभद्रता: एक्शन में सरकार, डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी हटाए गए, थानेदार समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित



गोमतीनगर में बुधवार को मरीन ड्राइव पुल के पास युवती से छेड़छाड़ कर अश्लीलता करने के मामले में मुख्यमंत्री की सख्ती पर बृहस्पतिवार को डीसीपी पूर्वी, एडीसीपी पूर्वी, एसीपी गोमतीनगर को हटा दिया गया। वहीं, गोमतीनगर इंस्पेक्टर समेत अंबेडकर पार्क चौकी के सभी पुलिसकर्मी (दो दरोगा व दो सिपाही) निलंबित कर दिए गए।

सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अब तक कुल चार की गिरफ्तारी हो चुकी है। बुधवार दोपहर तेज बारिश के बाद मरीन ड्राइव पुल के नीचे जलभराव हो गया था। यहां 30-40 युवकों ने जमकर अराजकता करते हुए गाड़ियों में पानी उड़ेला था। इस दौरान वहां से दोस्त के साथ गुजर रही युवती से छेड़छाड़ कर अश्लीलता भी की थी। उसे पानी में भी गिरा दिया था। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पवन यादव व सुनील कुमार को गिरफ्तार किया था। दिनदहाड़े पॉश इलाके में इतनी बड़ी वारदात पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया। बृहस्पतिवार को शासन के आदेश पर डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह, एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत, एसीपी गोमतीनगर अंशु जैन को हटा दिया गया। उधर, गोमतीनगर इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय, अंबेडकर पार्क पुलिस चौकी के प्रभारी दरोगा ऋषि विवेक, दरोगा कपिल कुमार, सिपाही धर्मवीर और सिपाही वीरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# 'जीवन की अनिश्चितताओं पर भी टैक्स' नितिन गडकरी ने लिखा निर्मला सीतारमन को खत

नई दिल्ली। हाल ही में पेश किए गए बजट 2024 के बाद ढेरों प्रतिक्रियाओं के बीच केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को खत लिखकर जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा योजनाओं के प्रीमियम पर लगाए जाने वाले जीएसटी को वापस लेने का आग्रह किया है, नितिन गडकरी ने खत में लिखा है कि वह नागपुर डिविज़नल जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ के ज्ञापन के बाद वित्तमंत्री को खत लिख रहे हैं।

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने खत में लिखा है, 'नागपुर डिविजनल जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ की ओर से उठाया गया प्रमुख मुद्दा जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर तस्ज्ञ को हटाने से जुड़ा है, जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत तस्ज्ञ



**केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन को खत लिखा है**

लगाया जाता है, जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर कर लगाने जैसा है।'

उन्होंने आगे लिखा, 'कर्मचारी संघ का मानना है कि जो शख्स अपने परिवार को सुरक्षा देने की खातिर जिन्दगी की अनिश्चितताओं के जोखिम को कवर कर रहा है, उस पर जोखिम के खिलाफ कवर खरीदने के लिए दिए गए प्रीमियम पर टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए।' गडकरी के मुताबिक, कर्मचारी संघ ने आगे कहा, 'इसी तरह चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 फ़ीसदी जीएसटी इस व्यापार की बढ़ोतरी के लिए बाधा साबित हो रहा है, जबकि यह व्यापार सामाजिक रूप से आवश्यक है, इसलिए कर्मचारी संघ ने उपरोक्त से जीएसटी को वापस लेने का आग्रह किया है।

नितिन गडकरी के मुताबिक, उनसे मुलाकात के दौरान कर्मचारी संघ ने जीवन बीमा के ज़रिये की गई बचत को अलग-अलग तरीके से देखे जाने, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए इनकम टैक्स कटौती की फिर शुरुआत किए जाने और सार्वजनिक व सामान्य बीमा कंपनियों के एकीकरण से जुड़े मुद्दे भी उठाए। निर्मला सीतारमन को लिखे खत में नितिन गडकरी ने आगे लिखा, 'उपरोक्त के मद्देनज़र आपसे अनुरोध है कि जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को हटाने के सुझाव पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करें।

# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दाखिल की पहली चार्जशीट, 13 आरोपियों के नाम; अब तक कुल 40 की गिरफ्तारी




नई दिल्ली। नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अपनी पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है। जांच एजेंसी ने इसमें 13 लोगों को आरोपी बनाया है।

सीबीआई की ओर से जमा किए गए चार्जशीट में नीतीश कुमार, अमित आनंद, सिकंदर यादवेंदु, आशुतोष कुमार-1, रोशन कुमार, मनीष प्रकाश, आशुतोष कुमार-2 को आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा अखिलेश कुमार, अवधेश कुमार, अनुराग यादव, अभिषेक कुमार, शिवनंदन कुमार और आयुष राज के नाम भी आरोपियों की लिस्ट में शामिल हैं। सीबीआई ने चार्जशीट में बताया कि उसने अब तक इस मामले में कुल 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 15 को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है और 58 स्थानों पर तलाशी ली है।

# रेल्वे ओवर ब्रिज में तेज रफ्तार आटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर

## हादसे में बाईक चालक बेहोश, एक जख्मी



राजनांदगांव (दावा)। शहर के महावीर चौक से खैरागढ़ रोड जाने वाली रेल्वे ओवर ब्रिज में गुरूवार की शाम एक तेज तेज रफ्तार आटो चालक ने दुर्ग की ओर से आ रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाईक चालक सड़क में फेंका कर बुरी तरह जख्मी हो गया। वही उसके पीछे की सीट में बैठे हुए युवक को भी सिर में चोटे आई है। जख्मी बाइक चालक बहुत देर तक ओवर ब्रिज वाली सड़क में बेहोश पड़ा रहा।

इस घटना के चलते दोनों ओर वाहनों की कतारे लग गई। जिससे सुचारू करने में पुलिस वालों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बता दें कि उक्त घटना के चलते महावीर चौक से चिखली रोड तक वाहनों की कतारे लग गई थी जिसके कारण वहां काफी देर तक यातायात जाम रहा। इस तरफ के लोग इसी तरफ व उस तरफ के लोग व गाडियां रेल्वे ओवर ब्रिज में फंसी रही। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत पश्चात यातायात क्लीयर कराया।

बता दे कि स्टेशन पारा क्षेत्र में रेल्वे फाटक के पास अंडर ब्रिज बनने के कारण वाहनों की आवाजाही का काम रेल्वे ओवर ब्रिज से ही हो रहा है। इस रोड से खैरागढ़ घुमका बेमेतरा, कवर्धा चिल्फी घाटी जाने वाली वाहनों सहित अन्य भारी वाहने व इसी ओवर ब्रिज से होकर गुजरती है इससे ब्रिज में कुछ भी घटना हो जाने पर लम्बा जाम लग जाता है। गुरूवार की शाम ऐसा ही हुआ। खैरागढ़ से 20 कि.मी. दूर नवागांव का निवासी युवक ललित कंवर अपने दुर्ग से आ रहे साथी को पिकअप करने अपने बाइक क्रमांक सी.जी. 08 एई- 0113 से राजनांदगांव आया हुआ था और शाम को उसे लेकर बाईक जैसे ही ओवर ब्रिज में चढ़ने वाला था एक तेज रफ्तार आटो चालक उसे जोरदार टक्कर मार दिया। इससे बाईक चला रहा दुर्ग से आ रहा युवक सड़क पर जा गिरा व दूसरी ओर बाईक सहित ललित कंवर भी गिर गया। इससे ललित के सिर में चोट आई व बाइक भी गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। वही बाइक चला रहा युवक बेहोशी हालत में सड़क में बहुत देर तक पड़ा रहा। एम्बुलेंस वाहन के आने के पश्चात उसे उपचार हेतु ले जाया गया। समाचार लिखे जाने तक एक्सीडेन्ट से दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क में बेहोश पड़े युवक की सांसे चल रही थी। एम्बुलेंस वाहन में उसे हास्पिटल ले जाने के बाद क्या हुआ पता नहीं चल पाया है।

### निगम पाइप लाइन ने रोक रखा है निर्माण कार्य

बता दे कि स्टेशन पारा रेल्वे फाटक के पास बन रहे अण्डर ब्रिज का उसके जद में नगर निगम का पाईप लाइन आ गया है, इससे अंडर ब्रिज का काम रूका पड़ा है। इसके चलते लोगों को रेल्वे ओवर ब्रिज से आवाजाही करनी पड़ रही है। रेल्वे ओवर ब्रिज में यातायात दबाव बढ़ने से लोगों की आवाजाही संबंधी परेशानी बढ़ गई है जिसके चलते रोजाना उन्हें यातायात जाम का शिकार होना पड़ रहा है।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अगस्त क्रांति का ऐलान किया



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने लेकर रहिबो लेकर रहिबो, मोदी की गारंटी लेकर रहिबो 'अब नई सहिबो अब नई सहिबो' मोदी की गारंटी लेकर रहिबो के नारे के साथ अगस्त क्रांति का ऐलान कर दिया है। संयोजक भेलसिंह वर्मा, महासचिव योगेश चौरे एवं डॉ. मुन्ना लाल नंदेश्वर ने बताया कि 6 अगस्त 24 को इंद्रावती भवन (संचालनालय) से महानदी भवन (मंत्रालय) तक दोपहर 2 बजे से मशाल रैली आयोजित कर फेडरेशन प्रदर्शन करेगा।

मशाल रैली में फेडरेशन के घटक संगठनों के प्रांताध्यक्ष एवं संभाग तथा जिला संयोजक, ब्लाक संयोजक पदाधिकारियों सहित समस्त कर्मचारी अधिकारी भाग लेंगे। फेडरेशन ने चार स्तरीय आंदोलन का घोषणा किया है। प्रथम चरण में 6 अगस्त को इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक मशाल रैली प्रदर्शन, द्वितीय चरण में 20 से 30 अगस्त तक सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन, तृतीय चरण में 11 सितंबर को जिला/ब्लॉक/ तहसीलों में मशाल रैली का आयोजन एवं चौथे चरण में 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन होगा।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी में फेडरेशन

फेडरेशन की ओर से कहा गया है कि, यदि सरकार ने कर्मचारियों के हित को नजरअंदाज किया तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय बैठक में यह निर्णय लिया गया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर साथ 50 प्रतिशत डी ए स्वीकृत करने प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिये जाने, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता भाजपा घोषणा पत्र अनुसार मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदी करण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने मुद्दा शामिल है यह जानकारी मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने दी है।

## पहला कॉलम...

### कोसरिया यादव समाज की बैठक 4 को



राजनांदगांव (दावा)। कोसरिया यादव समाज की बैठक में महिला अध्यक्ष मधु यादव ने स्वजातीय महिलाओं से अपील की है कि महिला संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं होने वाले आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया जायेगा। महिला अध्यक्ष सुश्री मधु यादव ने समस्त स्वजातीय महिलाओं से अपील की है कि बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने एवं आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करेगें। बैठक का शुभारंभ ईष्ठदेव भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना के साथ होगी। इस बैठक में उपस्थित समस्त वरिष्ठगण, गौटियागण, संरक्षणगण, पदाधिकारीगण, महिलामण्डल और युवामण्डल आदि सभी का गुलाल लगाकर स्वागत अभिनन्दन किया जायेगा। यह बैठक दिनांक 04 अगस्त दिन रविवार को 1:30 बजे फव्वारा चौक, जमातपारा के पास आयोजित होगी।

### राज्य स्तरीय एडवांस कोर्स प्रशिक्षण में जिले के गाइड कैप्टन एवं रेंजर लीडर ने लिया भाग

राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन में राज्य स्तरीय एडवांस गाइड कैप्टन रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर 23 से 29 जुलाई तक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर रायपुर में आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय एडवांस कोर्स प्रशिक्षण में राज्य उपाध्यक्ष स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राजेन्द्र गोलछा एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट अभय कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले के गाइड कैप्टन एवं रेंटर लीडर ने भाग लिया। जिले से गाइड कैप्टन श्रीमती ममता बोरकर, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती मीना पटेल, श्रीमती सोमिन साहू, पदमनी गोस्वामी तथा रेंजर लीडर श्रीमती श्यामा झा ने राज्य स्तरीय एडवांस कोर्स प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में गाइडिंग स्किल पायोनियर कैम्प मैपिंग नॉटिंग लेसिंग प्राथमिक उपचार की बारीकियों की जानकारी के साथ शाला स्तर पर गाइड रेंजर की छात्राओं को राष्ट्रपति पुरस्कार एवं राज्य पुरस्कार के लिए तैयार करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### जिले में अब तक औसत 669.2 मिमी वर्षा दर्ज

**डोंगरगांव तहसील में हुई सर्वाधिक 48 मिमी वर्षा**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 669.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 30.2 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा डोंगरगांव तहसील में 48 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 9.8 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 29.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 34.2 मिमी, घुमका तहसील में 32 मिमी, छुरिया तहसील में 26.9 मिमी, कुमरदा तहसील में 30.7 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 48 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# श्रमिकों के समस्याओं का समाधान करने ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा श्रमिकों के समस्याओं का समाधान करने के लिए विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। शासन द्वारा मोबाईल कैम्प के माध्यम से श्रमिक वर्ग हेतु संचालित श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है।

निर्माण श्रमिकों, असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है। इसके अलावा कैम्प में आवेदनों तथा पंजीयन में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिले के समस्त विकासखंडों के जनपद पंचायतों में संचालित श्रम कल्याण केन्द्र, मोबाईल एप (श्रमेव जयते एप), नजदीकी लोकसेवा केन्द्र एवं इंटरनेट कैफे के माध्यम से पंजीयन व योजनाओं के ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकत हैं। श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं की अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री सहायता केन्द्र के हेल्प लाईन नंबर (टोल फ्री नंबर) 0771-3505050 पर संपर्क कर सकते हैं। राजनांदगांव जिले में अगस्त 2024 में विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जहां से श्रमिक पंजीयन एवं योजना की जानकारी प्राप्त कर कर आवेदन कर सकते हैं। डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत 2 अगस्त को ग्राम जटकन्हार, 5 अगस्त को ग्राम धुसेरा, 7 अगस्त को ग्राम नागतराई, 9 अगस्त को ग्राम हरणसिंघी, 12 अगस्त को ग्राम बछेराभाठा, 14 अगस्त को ग्राम चौथना, 20 अगस्त को ग्राम अण्डी, 22 अगस्त को ग्राम चिद्दो, 27 अगस्त को ग्राम करवारी एवं 29 अगस्त को ग्राम भैसरा में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

इसी तरह डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत 2 अगस्त को ग्राम अर्जुनी, 5 अगस्त को ग्राम कोटरासरार, 8 अगस्त को ग्राम अर्जुनी (जनसमस्या निवारण शिविर), 12 अगस्त को ग्राम रायतापायली, 14 अगस्त को ग्राम तुमड़ीबोड़, 20 अगस्त को ग्राम रूपाकाठी, 22 अगस्त को सोनेसरार, 24 अगस्त को ग्राम सुखरी, 27 अगस्त को ग्राम सालिकझिटिया, 29 अगस्त को ग्राम बड़चारभांठा एवं 31 अगस्त को ग्राम आरगांव में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। छुरिया विकासखंड के ग्राम 2 अगस्त को ग्राम मगरधोखरा, 5 अगस्त को ग्राम बजरंगपुर, 8 अगस्त को ग्राम भर्रीटोला, 12 अगस्त को ग्राम घोघरे, 14 अगस्त को सीताकसा (गै.), 20 अगस्त को ग्राम लालूटोला, 22 अगस्त को ग्राम पुर्रामटोला, 23 अगस्त को ग्राम बेन्डारी (जनसमस्या निवारण शिविर), 27 अगस्त को ग्राम भेजराटोला, 29 अगस्त को ग्राम रंगीटोला एवं 31 अगस्त को ग्राम नांदियाखुर्द में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## एम.ए. इतिहास में धनेश्वर देवांगन 71.75 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम



डोंगरगढ़ (दावा)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के द्वारा विगत दिनों एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी किया गया, जिसमें शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

धनेश्वर देवांगन पिता श्याम लाल देवांगन ने 71.75 प्रतिषत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम, कु. लक्ष्मी सोनटेके पिता संजय सोनटेके ने 71.25 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं भेषमणि पिता संतोष कुमार ने 64.5 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने छात्र-छात्राओं एवं विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती आशा चौधरी व एवलाल मेश्राम को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।

## सांसद पाडेय ने कटघोरा रेल लाइन सहित यात्रियों की सुविधा के मुद्दे को संसद में मजबूती से रखा - मारुति



डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा मंडल पिछड़ा वर्ग के पूर्व अध्यक्ष व डोंगरगढ़ महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सोनी (मारुति) ने कहा है की, सासंद संतोष पाण्डेय का पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आभार प्रकट करते है उन्होंने डोंगरगढ़ की बहुत पुरानी मांग डोंगरगढ़ से कटघोरा नई रेल्वे लाइन को त्वरित चालू करने की बात पूरे सदन में मजबूती से कही। क्योंकि इससे बहुत से रास्ते सरल होंगे और मालगाड़ियों का परिचालन अत्यधिक मात्रा में और यात्री ट्रेनें भी सरपट दौड़ेगी जिससे मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन और व्यापार जगत को बढ़ावा मिलेगा। जिससे हमारी छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और हमारा छत्तीसगढ़ और तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

## नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान, आज पकड़े 16 मवेशी



राजनांदगांव (दावा)। घुमंतु मवेशियों की धरपकड के तहत नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज नंदई चौक, जिला चिकित्सालय के पास, गंज मंडी के सामने, महामाया चौक तथा आसपास के क्षेत्रों से 16 घुमन्तु मवेशियों की धरपकड़ की गयी। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा भी घुमन्तु पशुओं को पकड़ने एवं पशु मालिकों को अपना मवेशी घर में बांध कर रखने समझाईस देने के निर्देश दिये गये है। निर्देश के अनुक्रम में निगम द्वारा प्रतिदिन धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के नंदई चौक, जिला चिकित्सालय के पास, गंज मंडी के सामने, महामाया चौक तथा आस पास के क्षेत्रों से 16 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोड़ा जाता है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांधकर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौंपा जायेगा। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी, जिसके तहत वह प्रथम अपराध की दशा में जुर्माने से 10 रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो 50 रूपये तक का हो सकेगा और द्वितीय या पश्चातवर्ती अपराध की दशा में जो पिछले अपराध किये जाने के 3 वर्ष की अवधि के भीतर किया जाता है, जुर्माने से जो 25 रूपये कम नहीं होगा जो 1 सौ रूपये तक का दण्ड या कारावास जिसकी अवधि 3 माह तक की हो सकेगी अथवा दोनों दण्डों से दण्डित किया जायेगा।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 2 से रोजाना 2 खेलों में
समय : 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
धर्मा प्राडक्शन कृत
किल KILL
(THIS JOURNEY IS ONE WAY)
कलाकार - राघव जुयाल, तान्या मनिक ताल, लक्ष्य अदिर सिंह, आशीष विद्यार्थी आदि।
रोजाना 2 खेल, 12 एवं 3 बजे
हण्डा




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
02nd Aug to 08th Aug 2024
silver SCREEN




Auron Mein Kahan Dum Tha - 12:30, 03:00, 06:00, 06:15 and 09:00 pm
Deadpool & Wolverine 2D - 03:30 & 09:30 pm
Ulajh - 12:15, 06:30 & 09:15 pm
Handa (C.G)- 12:00 & 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

## विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष बने अशोक जोशी




राजनांदगांव (दावा)। रायपुर में विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से राजनांदगांव जिले के जिला अध्यक्ष के रूप में अशोक जोशी (प्राचार्य) की नियुक्ति की घोषणा की गई। समारोह में फाउंडेशन के अनेक सदस्य और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री जोशी ने अपने पद और कर्तव्यों की शपथ ली और संगठन के उद्देश्यों और लक्ष्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस समारोह ने छत्तीसगढ़ के विप्र समाज के सामाजिक और सांस्कृतिक योगदान को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रखा। इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा मैं इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और विप्र फाउंडेशन के उद्देश्यों को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। विप्र फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्यों ने श्री जोशी की नियुक्ति का स्वागत किया और उनके नेतृत्व में संगठन की प्रगति की कामना की।

वृंदावन हॉल में आयोजित समारोह में फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक व पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं समारोह के मुख्य अतिथि राजू शर्मा (सीए) नागपुर ने प्रदेश अध्यक्ष कचरू प्रसाद शर्मा एवं अशोक जोशी (प्राचार्य-ऐलीगेंट कॉलेज, राजनांदगांव) जिला अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इसके अतिरिक्त प्रदेश स्तर पर अन्य पदाधिकारियों में प्रदेश प्रभारी श्रीमती सोनाली शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती दीपाली शर्मा, जोनल संगठन महामंत्री प्रद्युम्न सारस्वत, महामंत्री राजाबाबू सारस्वत, प्रदेश समन्वयक मुल्कराज शर्मा, रायपुर जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा समेत प्रदेश और जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भी शपथ ग्रहण की। इस दौरान जरूरतमंद 6 दिव्यांगों को वॉकर, व्हील चेयर और जयपुर पैर दिए गए। साथ ही फाउंडेशन के शिक्षा, कन्या विवाह और परशुराम कुंड प्रकल्प के संबंध में सदस्यों को जानकारी दी गई।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-6-8
489-1 247-3
राजधानी
3-7-9
236-1 246-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# शीतला मंदिर में भिक्षा मांगने वाली वृद्धा को कुत्ते ने काटा



**मंदिर में बना रहता है कुत्तों का जमावड़ा लोगों पर झपट पढ़ते है खूंखार कुत्ते**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में कुत्तों का आतंक बढ़ते ही जा रहा है। रविवार को गंज लाइन में एक पागल कुत्ते ने एक छोटी बच्ची सहित आधा दर्जन लोगों को काट खाया। कुत्ते के काटने से छोटी बच्ची दर्द से बिलखती रही। गनीमत है कि फल बेचने वाला उसका बाप वही पर था जो अपनी रोती-बिलखती लड़की को लेकर जल्दी से डाक्टर के पास ले गया। नहीं तो देर होने से कुत्ते का जहर उस मासूम लड़की के पूरे शरीर पर फैल जाता।

इसी तरह शीतला मंदिर (माता देवाला) सुनार पारा में भीख मांगने वाली वृद्धा को वहां बेखौफ विचरण करने वाले कुत्ते ने काट लिया। कुत्ते के काटने से वृद्धा दर्द से कराहती रह गई। लोगों ने उसे ले जाकर अस्पताल में रैबीज का इजेक्शन लगवाया। वृद्धा ने बताया कि कुत्ते काटे का उसे 9 इजेक्शन लगवान पड़ा व काटे स्थान पर जख्म अधिक होने से मरहम पट्टी अलग से करवानी पड़ी। उन्होंने बताया कि माता देवाला शीतला मंदिर में कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां आने वाले लोग कुत्तों के सामने बिस्किट, ब्रेड आदि डाल देते है जिसकी लालच में इससे कुत्ते वहां पर बेखौफ विचरण करते रहते है। वृद्धा ने बताया कि शीतला माता का दर्शन करने अपने-माता-पिता के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी आते है। कुत्ते उन पर झपट न पड़े इसका सबसे ज्यादा भय बना रहता है। बता दे कि जिला अस्पताल में रोजाना 20 से 25 घटनाए कुत्ते काटने की पहुंच रही है। उन्हें 9 की संख्या में रेबीज का इंजेक्शन लगवाना पड़ रहा है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा वास्तविक नाम राहुल वर्मा है, जो मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों, बैंक खाता, मतदाता परिचय पत्र में अंकित है, जो कि पूर्णतः सत्य एवं सही है। किन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कार्तिक वर्मा भूलवश अंकित हो गया है। जिसे विलोपित कर मेरा सही नाम राहुल वर्मा भविष्य में मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावें।

सूचना जानें....
शपथकर्ता
राहुल वर्मा
आ. वासुदेव वर्मा
ग्राम धनगांव, तहसील-खैरागढ़
जिला - के.सी.जी. (छ.ग.)

महतारी वंदन योजना की 6वीं किस्त जारी

# सीएम साय ने महिलाओं को रक्षाबंधन का दिया तोहफा, फटाफट चेक करें अकाउंट



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गुरुवार को प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को रक्षाबंधन का तोहफा दे दिया है। महतारी वंदन योजना की छठवीं किश्त जारी हो गई है।

सीएम विष्णुदेव साय जगदलपुर में आयोजित जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत एक-एक हजार रुपये की छठवीं किश्त जारी कर राखी त्यौहार का उपहार दिए।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री साय तीन हजार 61 महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों के संचालन के लिए वित्तीय समावेशन के तहत 100 करोड़ का बैंक लोन का भी वितरित किए। कार्यक्रम में शहीद गुण्डाधूर की प्रतिमा के माल्यार्पण के साथ ही नारी शक्ति से जल शक्ति रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किए। सीएम साय एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ भी किए हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देश में सितम्बर 2024 तक 80 करोड़ और मार्च 2025 तक 140 करोड़ वृक्षों के रोपण का लक्ष्य है।

एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में 2 करोड़ 75 लाख पौधों का रोपण एवं वन विभाग द्वारा वन एवं वनेत्तर क्षेत्रों में 03 करोड़ 95 लाख 85 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है।

### विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री साय जगदलपुर में नौ करोड़ 31 लाख से अधिक राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इनमें 48.03 लाख की लागत से अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय जगदलपुर, तोकापाल और लोहांडीगुड़ा और 66.49 लाख की लागत से नवीन तहसील कार्यालय जगदलपुर का जीर्णाद्धार के साथ 2.50-2.50 करो? की लागत से निर्मित लोहांडीगुड़ा और बुरगुम थाना का शामिल हैं। जिला अस्पताल (महारानी अस्पताल) परिसर में डीएमएफटी मद के तहत एक करोड़ 72 लाख 76 हजार की लागत से स्थापित माडुलर किचन और सामग्री युक्त अन्नपूर्णा रसोईघर का लोकार्पण किया गया। साथ ही महारानी लक्ष्मी बाई अस्पताल परिसर में प्रधानमन्त्री भारतीय जन औषधि केंद्र का भी शुभारंभ किया गया।

## हाईकोर्ट ने स्कूलों के जर्जर भवनों पर लिया संज्ञान

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने स्कूलों के जर्जर भवनों को लेकर संज्ञान लिया है। जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शासन व स्कूल शिक्षा सचिव से शपथ पत्र पर स्कूल भवनों को ठीक करने के बारे में प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश करने कहा है। हाईकोर्ट ने मामले में कलेक्टर को ही जिम्मेदारी दिए जाने के जवाब पर तीखी टिप्पणी की और कहा कलेक्टर कहां-कहां देखे! शिक्षा सचिव को भी तो कुछ करना चाहिए, सचिव क्या कर रहे हैं?

दरअसल, प्रदेश भर के शासकीय स्कूलों में से कई जगहों पर भवन जर्जर हो चुके हैं। बारिश में इन स्कूलो की हालत और भी खराब हो जाती है। इसे लेकर खबरों के सामने आने पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया और जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई।

# पूजा खेडकर की बढ़ी मुश्किलें, दिल्ली की कोर्ट ने नहीं दी अग्रिम जमानत



कोर्ट ने एजेंसी को यह पता लगाने का निर्देश दिया गया है कि क्या अन्य उम्मीदवारों ने हाल ही में विकलांगता और ओबीसी श्रेणी के तहत लाभ लिया है. कोर्ट ने यह भी पता लगाने के लिए कहा है कि क्या किसी अंदरूनी सूत्र ने खेडकर की मदद की थी.

नई दिल्ली। ट्रेनी आईएएस रहीं पूजा खेडकर की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं. दिल्ली की कोर्ट ने पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है. अदालत ने कहा कि, जांच एजेंसी को अपनी जांच का दायरा बढ़ाने की जरूरत है. हाल के दिनों में विकलांगता और ओबीसी श्रेणी का लाभ नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों का पता लगाने के लिए जांच करने का निर्देश दिया गया है.

### कोर्ट का निर्देश: पूजा खेडकर को किससे मिली मदद, पता लगाएं

कोर्ट ने एजेंसी को यह पता लगाने का निर्देश दिया गया है कि क्या अन्य उम्मीदवारों ने हाल ही में विकलांगता और ओबीसी श्रेणी के तहत लाभ लिया है. कोर्ट ने यह भी पता लगाने के लिए कहा है कि क्या किसी अंदरूनी सूत्र ने खेडकर की मदद की थी.

### पूजा ने अपने तर्क में क्या कहा?

बता दें कि हर तरफ से घिरी पूजा खेडकर ने अदालत के दरवाज़े पर दस्तक देते हुए अग्रिम जमानत की मांग की थी. पूजा ने कहा था कि उसने कोई धांधली या धोखाधड़ी नहीं की, बल्कि अपनी तरफ से जो भी सही दस्तावेज हैं, यूपीएससी के सामने वही पेश किए. पूजा ने अपनी जमानत की अर्जी में कहा कि वो उम्र में काफी छोटी हैं और इस मामले में पुलिस या जांच अधिकारियों को प्रभावित करने की हैसियत में भी नहीं है.

# ऑर्थोपेडिक एसो. ने डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन ने में डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सम्मानित अतिथियों और छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा और इसके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम की शुरुआत देवी सरस्वती, पप्पाजी एलएसबी सिंह और सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जेबी सिंह सर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण के साथ हुई।

इस अवसर पर अकादमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई.के. वैष्णव और प्रिंसिपल एकता खंडेलवाल ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

डॉ. राजेश सदानी, डॉ. राजेश दुलानी, डॉ. संजय बक्शी, डॉ. योगेश सोनी, डॉ. मालेवार और डॉ. रितेश भोस्कर, डॉ मानस श्रीवास्तव सहित अतिथि डॉक्टरों का छात्रों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद डॉ. राजेश डुलानी ने सड़क सुरक्षा पर एक व्यापक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया, जिसमें महत्वपूर्ण पहलुओं और आंकड़ों पर प्रकाश डाला गया।

प्रस्तुति के बाद एक संवादात्मक सत्र हुआ, जिसमें डॉक्टरों ने सड़क सुरक्षा और इसके महत्व पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता साझा की। कक्षा 11 के 100 छात्रों ने चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपायों के बारे में सीखा।

राजनांदगांव ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन और डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पहल ने युवा दिमागों में सड़क सुरक्षा जागरूकता की आवश्यकता और एक सुरक्षित समुदाय बनाने पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला।

समिति अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, सुषमा शुक्ला प्राचार्य सीजी ने कार्यक्रम की सराहना की है।

# डूमरिया बांध में रिपेयर कार्य हुआ पूर्ण

चार दिन पहले फुटा था बांध, किसानों ने की मुआवजा की मांग



छुईखदान (दावा)। आज से चार दिन पहले वनांचल के डुमरिया बांध फूट जाने से किसानों को जो नुकसान हुआ था। उसकी मुआवजा की मांग किसानों ने प्रशासन से किए है।

**0 रिपेयर का कार्य हुआ पूर्ण**

इधर जल संसाधन शीर्ष कार्य छुईखदान अन्तर्गत स्थापित बांध के रिपेयरिंग पूर्ण होने की जानकारी मिली है। ज्ञात हो की पिछ्ले दिनों हुए अतिवर्षा के कारण बांध के फूटने से ग्राम के किसानो के फसल बह गए थे। इस संबंध में क्षेत्रीय उपयंत्री श्री सुर्या से दूरभाष से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि बांध का रिपेयर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जल्द ही किसानों की हुई क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कर शासन को पत्र प्रेषित करेंगे।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में इंवेस्टिचर सेरेमनी सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। विगत 20 जुलाई शनिवार को नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग में इंवेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत् पूजा अर्चना की गई। उक्त सेरेमनी 2024-25 का मुख्य उद्देश्य स्कूल के हेड बाय एवं हेड गर्ल का शाला में चुनाव कराने पश्चात् निर्वाचित छात्र-छात्राओं को छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेदारी एवं महत्वपूर्ण भूमिकाएं, पदनाम और उनके अधिकार प्रदान किया जाना था। उक्त अवसर पर हेड बाय आर्यन साहू, असि. हेड बाय आदित्य सिन्दे एवं हेड गर्ल अश्लेषा बोरकर असि. हेड गर्ल ख्याति यादव सहित हाउसवार टोपाज, क्रिसोलाइट, रूबी, सफायर इन चारों हाउस के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया तथा हाउसवार मार्चपास्ट करते हुए सलामी दी गई। इस दौरान मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देने के साथ ही छात्र-छात्राओं को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री बाजपेयी ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आपका चयन आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है। आगे उन्होंने कहा कि यह नेतृत्व, उपाधि या पदो के बारे में नहीं है बल्कि सकारात्मक प्रभाव डालने और दुसरों को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने का एक माध्यम है। साथ ही साथ छात्र अपने पढ़ाई के द्वारा ही अपने भविष्य का निर्माण करके आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर आदि बनेंगे। जिससे स्कूल सहित माता-पिता, जिले, राज्य एवं देश का नाम भी रोशन करेंगे। इस अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल के डॉयरेक्टरगण श्रीमती सोनल बाजपेयी, श्रीमती रेणु बाजपेयी, कु.कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती ईला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ शामिल हुए। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

# श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे जिले के 91 श्रद्धालु



राजनांदगांव (दावा)। श्री रामलला दर्शन (आयोध्या धाम) योजना अंतर्गत 55 वर्ष से 75 वर्ष आयु वर्ग के श्रद्धालुओं को 22 से 25 अगस्त 2024 तक श्री रामलला दर्शन कराया जाएगा। राजनांदगांव जिले के लिए यात्रियों का कोटा 91 निर्धारित है। ग्रामीण क्षेत्रों से 75 प्रतिशत एवं नगरीय क्षेत्रों से 25 प्रतिशत यात्रियों को श्री रामलला दर्शन कराया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव एवं जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगर पालिका व नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को श्री रामलला दर्शन के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदकों की सूची समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव को 10 अगस्त तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया से 17-17 एवं नगर पालिक निगम राजनांदगांव से 10 तथा नगर पालिका डोंगरगढ़ से 5 एवं नगर पालिका डोंगरगांव व छुरिया से 4-4 यात्रियों को श्री रामलला दर्शन (आयोध्या धाम) के लिए भेजा जाएगा।

# दीपक बैज बोले- साय सरकार ने राजस्थान को दी कोल खनन की अनुमति, सही साबित हुआ भजनलाल का ये ट्वीट



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश की साय सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान विद्युत मंडल के अखबारों में छपाये गये विज्ञापनों से साफ है कि राज्य सरकार ने वहां पर उत्खनन की अनुमति दी है। इसके पहले भी राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी इस आशय की जानकारी सोशल मीडिया में ट्वीट कर दी थी।

उन्होंने अपने ट्वीट में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दिया था। राजस्थान के मुख्यमंत्री के ट्वीट को राज्य सरकार ने खारिज किया था, लेकिन अब छपे विज्ञापन बता रहे कि राजस्थान के मुख्यमंत्री ने सही ट्वीट किया था।

भाजपा सरकार राज्य की जनता से सब कुछ छुपाना चाहती है। राज्य के हितों को दरकिनार कर साय सरकार ने राजस्थान को कोल उत्खनन की अनुमति दी है। हसदेव अरण्य कोल फील्ड में संचालित परसा ईस्ट एवं कांता बासन (पीईकेबी) कोल ब्लॉक की 91.21 हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग उत्खनन के लिये दे दिया है। दलीय प्रतिबद्धता में भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के हितों तथा राज्य के पर्यावरण को अनदेखी किया है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के हितों को देखते हुये यहां पर उत्खनन की अनुमति देने से मना कर दिया था जबकि उस समय राजस्थान में भी कांग्रेस की सरकार थी। उसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने राज्य के हितों से समझौता नहीं किया था। इस खदान को रद्द करने कांग्रेस की सरकार ने केंद्र सरकार के पास अनुशंसा भी भेजा था। भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के दबाव में राज्य के कोल उत्खनन की बंदरबांट शुरू हो गयी है।

भाजपा सरकार अडानी के हितों को सवंर्धित करने के लिये राज्य के जल, जंगल, जमीन खनिज संपदा को अडानी को सौपना शुरू कर दिया गया है। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी हसदेव अरण्य क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू की जा चुकी है।

50 हजार से अधिक पे? काटे जा चुके है। यहां पर कटाई के लिये आदेश और पर्यावरण स्वीकृत केंद्र की मोदी सरकार ने दिया था तब कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य के स्तर पर निरस्त कर दिया था तथा केंद्र में भी इसे निरस्त करने के लिये पत्र लिखा था।

## रेल बजट में छत्तीसगढ़ के लिए रेल विकास हेतु 6,922 करोड़ रुपए की स्वीकृति

डोंगरगढ़(दावा)। लोकसभा सदन में रेल सुविधाओं के साथ ही जनता की सुरक्षा के लिए पारित रेल बजट का स्वागत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया साथ ही रेल बजट में छत्तीसगढ़ के लिए रेल विकास हेतु 6,922 करोड़ रुपए की स्वीकृति देने के प्रति भी पूरे प्रदेशवासियों की ओर से सांसद संतोष पांडे ने कृतज्ञता व्यक्त किया। भारतीय रेल भी हमारे सैनिकों की तरह दिन-रात जनसुविधा हेतु तत्परता से काम कर रही है। मोदी सरकार के नेतृत्व में विगत वर्षों में भारतीय रेल आधुनिकता के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ़ रही है। इस दौरान छत्तीसगढ़ में हुए रेल विस्तार और जनता की सुविधाओं के लिए हुए कार्यों के बारे में जानकारी दी,साथ ही डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन के कार्य में अवरोध को दूर कर कार्य जल्दी शुरू करने एवं रायपुर से डोंगरगढ़ मेमू ट्रेन का संचालन पुनः शुरू करने की मांग सदन में रखा।

# शिवाजी पार्क का कब होगा उद्धार ?

किसके ईशारे पर हटाए गए ठेले-खोमचे वाले- अंकित गढ़वाल

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के सत्ताधारी पार्टी के गरीब विरोधी रवैये एवं शहर के अनगिनत अव्यवस्थाओं पर भाजयुमो के युवा नेता अंकित गढ़वाल द्वारा विरोध जताया गया है। श्री गढ़वाल ने बताया कि अव्यवस्थाओं के क्रम में स्थानीय गुरुनानक चौक में गुरुद्वारा के समीप स्थित शिवाजी पार्क में केवल खानापूर्ति के नाम पर छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित कर दी गई है, जिसका रखरखाव स-सम्मान करने में जिम्मेदारों की कोई दिलचस्पी नहीं है, जो एक प्रकार से महान शिवाजी का अपमान ही माना जाएगा। आज तक करोड़ों की लागत से बने उक्त फूड पार्क का उन्नयन नगर निगम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों एवं निगम के जवाबदार अधिकारियों द्वारा करने किसी प्रकार की रुचि नहीं दिखाई गई। अब हालत ये है कि फूड पार्क नशेबाजों का अड्डा बन चुका है, दिन-रात शराब-गाँजा पीने वालों को वहाँ देखा जा सकता है।



आसपास के रहवासी भी नशेबाजों से परेशान है। उसी फूड पार्क के सामने शहर के कुछ गरीब परिवार के लोग ठेले-खोमचें लगाकर अपने परिवार की आजीविका चलाते थे उसे भी नगर निगम के सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों के ईशारे पर शिवाजी पार्क के कायाकल्प के चलते हटा दिया गया। अंततः आज तलक उन गरीब परिवारों के सामने जीवनयापन का संकट बना हुआ है। श्री गढ़वाल ने नगर निगम के जिम्मेदारों से जवाब माँगा है कि आखिर उन गरीब ठेले-खोमचें वालो का क्या दोष था? पार्क की दुर्दशा एवं उन ठेले खोमचें वाले गरीब परिवारों की आजीविका संकट जैसे इन सभी मुद्दों के लिए जिम्मेदार कौन है।

# आम्बेडकर भवन सिविल लाईन के जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न





राजनांदगांव (दावा)। वार्डवासियों की समस्या का निराकरण वार्ड में ही करने जन समस्या निवारण शिविर वार्डो में लगातार जारी है। शिविर में जहॉ बिजली, पानी सफाई, निर्माण कार्य तथा राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास का लाभ लेने आवेदन प्राप्त हो रहा है, वही वार्ड के लोग श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने भी आवेदन कर रहे है।

आवेदकों को श्रमिक, आधार एवं आयुष्मान कार्ड वार्ड में ही बनाकर दिया जा रहा है। आज सिविल लाईन स्थित आम्बेडकर भवन में वार्ड नं. 16,17 व 18 के लिये आयोजित शिविर में मांग के 67 एवं शिकायत के 3 कुल 70 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें 7 आवेदन का शिविर में ही निराकरण किया गया तथा 8 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण भी कराये।

आज आम्बेडकर भवन सिविल लाईन में वार्ड नं. 16,17 व 18 के लिये आयोजित शिविर में 70 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें जल विभाग के पाईप लाईन विस्तार के लिये 3 प्रकरण आवेदन, राशन कार्ड के लिये 7 आवेदन में 3 नाम जोड़ने, 3 नये राशन कार्ड बनाने व 1 ए.पी.एल. से बी.पी.एल. कार्ड बनाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुये। इसी प्रकार स्वयं की भूमि में आवास निर्माण के लिये 32, पट्टा वितरण के लिये 4, तुलसीपुर में नाली सफाई के 1, तुलसीपुर के खम्भों में लाईट लगाने 3, शहरी आजीविका मिशन के तहत 10 हजार रूपये ऋष्ा के लिये 1, महिला बाल विकास संबंधी 2 आवेदन प्राप्त हुये तथा नाली व सड़क निर्माण की मांग के लिये 10 आवेदन प्राप्त हुये। इसके अलावा श्रमिक कार्ड पंजीयन 3, आधार कार्ड पंजीयन 2 तथा आयुष्मान कार्ड के 2 प्रकरणों का शिविर में ही निराकरण किया गया तथा मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 8 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड शिविर में ही बना

आज के शिविर में नेताप्रतिपक्ष श्रीकिशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा तथा टोपेन्द्र सिंह, पारस वर्मा उपस्थित होकर सभी आवेदनों का निराकरण करने शिविर में उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किये तथा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा अंतर्गत वार्डो में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर शासन की योजना का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं का निराकरण करने वार्डवासियों से अपील किये। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा अंतर्गत कल 2 अगस्त को रेवाडीह स्कूल सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 20, 21 व 22 के लिये तथा 3 अगस्त को गोडवाना समाज भवन आर.के.नगर चौक में वार्ड नं. 19, 23, 44 व 45 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे। शिविर में शिविर प्रभारी अधिकारी उपायुक्त मोबिन अली, सहित समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता अनूप पाण्डे के अलावा विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> प्रेरणा का सबसे बड़ा स्त्रोत आपके अपने विचार है, इसलिए बड़ा सोचे और खुद को जितने के लिए हमेशा प्रेरित करें।

## सम्पादकीय

# रेल आपरेटिंग में सुधार की जरूरत: आटोमेटेड रेलवे प्रोटेक्शन नहींवत्

पहले वार्षिक आम बजट के साथ-साथ रेल बजट जो अलग से पेश होता था उसका भी बड़ी बेसब्री से इंतजार होता था। तब रेल बजट का कद आम बजट से भी अधिक रहता था। किन्तु, अब हालात बदल गए हैं। अब अलग से रेल बजट पेश करने की प्रथा खत्म हो गई है। कई अच्छे बाबतों को भाजपा ने नेस्तनाबुद किया है। जिसमें रेल बजट विशेष उल्लेखनीय है। लगभग 100 साल पहले वर्ष 1924 में देश का प्रथम रेल बजट प्रस्तुत किया गया था।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में भारतीय रेल बजट का बहुत कम उल्लेख है। किन्तु, बजट में भारतीय रेल की उपेक्षा नहीं की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रेलवे का पूंजी खर्च 2.62 लाख करोड़ अनुमानित है। जिसमें से कुल बजट से 2.52 लाख करोड़ है। शेष 10,000 करोड़ बजट के सिवाय के अन्य श्रोतों में से इकठ्ठा किया जाएगा। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष के बजट में पूंजी आबंटन में केवल पांच प्रतिशत की वृद्धि की गई है। किन्तु, इसे वर्ष 2023-24 के संदर्भ में देखना होगा। इस वर्ष के बजट में रेल कनेक्टीविटी और औद्योगिक विकास को जोड़ने की चिट्ठी दी गई है। इस दिशा में आगे बढ़ें तो विशाखा पट्टनम-चेन्नई इन्डस्ट्रीयल कारीडोर, हैदराबाद-बैंगलोर कारिडोर और अमृतसर-कोलकाता इन्डस्ट्रीयल कारीडोर इत्यादि जैसे मुख्य कारीडोर में कनैक्टीविटी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। यद्यपि, पूंजी के आबंटन में वृद्धि होनें के परिणाम मिश्रीत रहे हैं। वैसे सुधार किए गए अनुमान दर्शाते हैं कि नए रेलवे ट्रेक बिछाने, गेज कन्वर्जन रेलवे ट्रेक को दुगुना करने और रेल मार्गों के नवीनीकरण के लिए संचित खर्च 95.56 करोड़ लगभग थी। चालू वित्तीय वर्ष में उक्त चार आयटम्स में कुल आबंटन घट कर 86,287 करोड़ लगभग हो गया है। रेल कोच और इलेक्ट्रीकल योजना के आबंटन को थोड़ा कम किया गया है। हालाकि, पूंजी खर्च बढ़ने के बाद आपरेटिंग कार्यक्षमता में सुधार नहीं हुआ है।

पिछले 10 सालों में भारतीय रेलवे ने 31180 किलोमीटर से अधिक रेलवे ट्रेक बिछाई है। इसी समय के दौरान पाटे बिठालने की भी तेजी से वृद्धि हुई है। देश में लगभग 95 प्रतिशत प्रमुख लाईनों का विद्युतीकरण का काम पूरा हो गया है। 2023-24 में ही भारतीय रेलवे ने 7,188 किलोमीटर रूट का विद्युतीकरण किया गया था। इन उपलब्धियों के बावजुद, रेल मंत्रालय के द्वारा घोषित डाटाज् अनुसार 2023-24 में मालगाड़ियों की ट्रेनों में वृद्धि 23.6 किलोमीटर प्रति घण्टे रही है। तेजी में वृद्धि होने से नियंत्रणों के कारण सेमी हाईस्पीड वंदे मातरम ट्रेनों की गति भी 2020-21 में लगभग 85 किलोमीटर पीएच से घटकर 2023-24 में लगभग 76 किलोमीटर पीएच हो गई है। विभिन्न कारणों से रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। आश्चर्यजनक यह कि नेशनल रेलवे सेफ्टी फण्ड 10,000 करोड़ पर अटक गया है। सुरक्षा कवच आटोमेटेड रेलवे प्रोटेक्शन सिस्टम भी केवल 1500 किलोमीटर के रेलवे मार्गों पर काम कर रहा है। जो देश के रेलवे नेटवर्क का केवल लगभग 2 प्रतिशत है। जिसे नहींवत् ही कहना चाहिए।

ट्रेनों के जनरल कोचों में भारी भीड़ रहती है। इस समस्या पर समुचित ध्यान ही नहीं दिया गया है। खास कर व्यस्ततम् मार्गों पर भाड़े को तार्किक रूप से प्राथमिकता देते हुए क्षमता में वृद्धि कर इसका समाधान किया जाना चाहिए। भारतीय अर्थ व्यवस्था की जरूरतों के अनुसार पर्याप्त जरूरी बड़े परिर्वतन रेलवे में करने ही पड़ेंगे। रेल दुर्घटनाएं अनियंत्रित है, इस पर भी खास ध्यान देनें की जरूरत है।

# शिशुओं के बौद्धिक विकास के सात सूत्रों को जानिये

**पूजा खंडेलवाल**

जन्म के उपरांत प्रत्येक शिशु क्षमता की दृष्टि से अभिन्न एवं अद्वितीय होता है। तत्पश्चात, उनके समग्र विकास के लिए पालक को अधिक देखभाल और ध्यान देने की आवश्यकता होती है। पालक के दृष्टिकोण से यह समझना महत्वपूर्ण होता है कि किन बातों को ध्यान में रखकर शिशु की मनःस्थिति का संपूर्ण विकास किया जा सकता है। बाल विकास का सम्पूर्ण एवं सटीक अर्थ यह है कि हमें एक ऐसा वातावरण बनाना है जहाँ हम शिशु की सामाजिक, भावनात्मक और शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। बच्चों के समग्र विकास हेतु उन्हे एक प्रेमपूर्ण एवं सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण मिलना चाहिए और वे अपने परिवार के साथ विभिन्न क्रियाकलापों में सम्मिलित हो सकें, जैसे कि खेलने, पढ़ने, गाने और बातचीत करने में समय बिताने में सक्षम होना चाहिए। समुचित पोषण, भरपूर नींद और व्यायाम भी उनके विकास में महत्वपूर्ण कारक हैं। हमने अपने आस-पड़ोस में यह बार-बार देखा है कि समुचित पोषण ना मिलना बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए एक मुख्य बाधक होता है। बच्चों के समग्र विकास के लिए हमें सबसे पहले यह बातें जाननी होंगी। क्योंकि बच्चे का उचित पालन-पोषण उसके विकास का सबसे महत्वपूर्ण और सर्वप्रथम चरण होता है। जैसा कि शीर्षक से विदित है कि सात सूत्र को अगर हमने अपने मस्तिष्क में स्थान दे दिया तो हम बालक के सम्पूर्ण बौद्धिक विकास हेतु तत्पर रहेंगे।

### प्रथमसूत्र - शारीरिक विकास

शैशव काल के दौरान शारीरिक और मानसिक विकास की वृद्धि तीव्रगति से होती है और इस काल के दौरान उनकी मानसिक परिपक्वता अपना स्थान बनाने लगती है। हमें यह भूलना नहीं होगा कि विकास में तेजी आने के बाद, किशोरावस्था तक बच्चे का विकास लगातार और नियमित दर से होता रहता है। हमें यह जान लेना महत्वपूर्ण है कि इस अवस्था में खेल-कूद बालक के शारीरिक विकास के संपूर्ण विकास को बढ़ावा देने का आदर्श एवं महत्वपूर्ण तरीका है।

### द्वितीय सूत्र : फाइन मोटर स्किल्स

आमतौर पर हाथों और ऊपरी अंगों की हरकत और इस्तेमाल के रूप में समझे जाने वाले, फाइन मोटर स्किल्स में हाथों का वस्तुओं तक पहुँचना, पकड़ना और हेर-फेर करना शामिल होता है। फाइन मोटर स्किल्स ऐसी गतिविधियाँ हैं जिनमें आपका बच्चा अपने हाथों और कलाइयों की छोटी मांसपेशियों के साथ सटीक गति करता है। वस्तुओं को पकड़ना, दबाना या पिंसर ग्रिप का उपयोग करना उन क्रियाओं के उदाहरण हैं जो उन मांसपेशियों को विकसित करने में मदद करते हैं। फाइन मोटर स्किल्स का उपयोग कर के स्वयं की देखभाल और रोजमर्रा के कार्य करने की क्षमता बच्चे के आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास के विकास में सहायता करती है। बालक के फाइन मोटर स्किल्स को बेहतर बनाने के 05 सर्वोत्तम तरीके निम्नलिखित हैं।

1. ड्राइंग और पेंटिंग
2. रेत का खेल टीले या विभिन्न प्रकार के सांचे में ढालना
3. भिन्न-भिन्न सिक्कों को छांटना
4. पहेलियाँ
5. आटे या मिट्टी का खेल

उपरोक्त विधिओं को दोहरा कर हम अपने बालक के अंदर फाइन मोटर स्किल्स को विकसित कर सकते हैं जो प्रारंभिक अवस्था में उनके बौद्धिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

### तृतीय सूत्र : ग्रॉस मोटर स्किल्स

ग्रॉस (सकल) मोटर स्किल्स वे हैं जिनमें पूरे शरीर की गति की आवश्यकता होती है और दैनिक गतिविधियों को करने के लिए शरीर की बड़ी मांसपेशियां शामिल होती हैं, जैसे चलना और दौड़ना, कूदना और सीधा बैठना। ग्रॉस मोटर स्किल्स का दैनिक कार्यों पर प्रभाव पड़ता है। यदि कोई बच्चा टेबल टॉप पर उचित मुद्रा बनाए रख सकता है, तो यह कक्षा निर्देश के लिए सीधे बैठने की उसकी क्षमता को प्रभावित करेगा, जो उनकी शैक्षणिक शिक्षा को भी प्रभावित करेगा। विद्यालय का किरदार भी यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि वह प्रत्येक बालक के क्षमता को पहचान कर उनके अनुरूप उन्हें विभिन्न प्रकार के कार्यकलापों हेतु तैयार कर सकता है, क्षमता अनुरूप कार्य सौंप सकता है।

### चतुर्थ सूत्र : संज्ञानात्मक विकास

संज्ञानात्मक विकास का अर्थ है कि बच्चे कैसे सोचते हैं, खोजते हैं और समस्याओं से कैसे निपटते हैं। यह कौशल, ज्ञान, स्वभाव और समस्या-समाधान का विकास है जो बच्चों को अपने परिवेश के बारे में सोचने और समझने में मदद करता है। पालक के रूप में, जन्म के उपरांत ही अपने बालक की विकास प्रक्रिया को प्रोत्साहित करना आवश्यक है क्योंकि ऐसा करने से स्कूल और भावी जीवन में बच्चों को सफलता के लिए एक मजबूत आधार शिला मिलती है। उदाहरण के लिए, शोध से पता चलता है कि जो बच्चे छह महीने की उम्र में अलग-अलग ध्वनियों की पहचान कर सकते हैं, वे चार से पांच साल की उम्र के बीच सीखने के लिए आवश्यक क्षमताओं को विकसित करने में बेहतर सक्षम होते हैं। यह आवश्यक है कि आप अपने बच्चे के संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देने के लिए हर दिन उसके साथ सकारात्मक बातचीत में सक्रिय रूप से भाग लें।

1. किताबें पड़ने के लिए प्रेरित करना और अपने बच्चों के साथ दिमागी खेल खेलना, जैसे प हेलियाँ और सुडोकू।
2. बालक को उनके मासूम विचारों को आपके साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।
3. उसे बाहर खेलने के फायदों के बारे में बताना।
3. बच्चों को रोचक, विचारोत्तेजक कहानियाँ सुनाएँ।
4. अपने बच्चे के 'क्यों' प्रश्नों का उत्तर दें।

संज्ञानात्मक विकास के फलस्वरूप हम बालक के बालमन की दुविधा को दूर करने का प्रयत्न करते हैं तथा हम उन्हें जीवन के भिन्न भिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराते हुये उनके मानसिक परिपक्वता को विकसित करने की राह को सुगम बनाने का कार्य करते हैं।

### पंचम सूत्र : संप्रेषण विकास

संप्रेषण विकास में बालक किसी अन्य के विचारों और भावनाओं को पहचानना और व्यक्त करना सीखता है। छोटे बच्चे दूसरों और अपने परिवेश के साथ संवाद करने के लिए संचार कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला का उपयोग करते हैं। इनमें बातचीत, नृत्य, गायन और दृश्यकला अभिव्यक्ति शामिल हैं। बच्चों के पारस्परिक संचार को बेहतर बनाने के लिए आमतौर पर बोली जाने वाली भाषा का विकास महत्वपूर्ण है। बच्चों के संप्रेषण कौशल को विकसित करने के कुछ आसान तरीके इस प्रकार से हैं।

1. बच्चे को किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करना
2. प्रश्नोत्तरी खेल खेलना
3. बच्चों से बात करना

आज के बदलते परिवेश में संप्रेषण विकास का किरदार सर्वथा सबसे महत्वपूर्ण प्रतीत होता है, आजकल के प्रतियोगी परिवेश में यह नितांत आवश्यक हो जाता है कि बालकों में संप्रेषण विकास पूर्ण रूप से हो जिसके फलस्वरूप उनमें मानसिक परिपक्वता विकसित हो एवं वो अपने संचार कौशल का सम्पूर्ण कौशल का इस्तेमाल कर के अपने पेशेवर जीवन को सफल बना सकें।

### षट्सूत्र : वाक और भाषा

वाक्वा एवं भाषा कौशल हैं जिनका उपयोग हम दूसरों के साथ संवाद करने के लिए करते हैं। यह बालक को अपनी इच्छाओं और भावनाओं को व्यक्त करने की क्षमता में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, इसका इस बात पर भी प्रभाव पड़ता है कि वह कैसा व्यवहार करता है और दूसरों के साथ कैसे बातचीत करता है। एक बच्चे की स्पष्ट रूप से संवाद करने, दूसरों को समझने, भाषण ध्वनियों को संसाधित करने, विचारों को व्यक्त करने और दूसरों के साथ जुड़ने की क्षमता उनके विकास के लिए भवन की नींव के सामान महत्वपूर्ण हैं। इसे सुधारने के लिए आपके बच्चे को संचार पर ध्यान देना चाहिए। हम अपने बालक के अंदर अगर उनके बाल्यकाल से ही विभिन्न प्रकार के भाषा के शब्दों का शब्द कोष बनाकर देने लग जाएं एवं अगर वे इसे आत्मसात करने लग जायेंगे तो निश्चित ही वे आज के परिवेश में अपने वाक्पटूता से एक सफल जीवन का निर्माण कर सकें।

### सप्तम सूत्र : सामाजिक और भावनात्मक विकास

बच्चे की वयस्कों और अन्य बच्चों दोनों के साथ मजबूत संबंध विकसित करने और बनाए रखने की क्षमता को सामाजिक विकास कहा जाता है। भावनात्मक विकास से तात्पर्य एक बच्चे की अपनी भावनाओं को व्यक्त करने, पहचानने और प्रबंधित करने के साथ-साथ दूसरों की भावनाओं पर उचित प्रतिक्रिया देने की क्षमता से है। उदाहरण के लिए जब बच्चे स्कूल में होते हैं, तो खेलते समय वे दूसरे बच्चों से कैसे जुड़ते हैं और शिक्षकों के साथ कैसे बातचीत करते हैं, यह उनके व्यवहार को दर्शाता है। जैसा कि आपने देखा, बाल विकास के सात चरण हैं जो बेहतर जीवन के लिए आवश्यक हैं। समग्र विकास के लिए आपको अपने बच्चे से संवाद करना, उनके अंदर भाषाई कौशल को विकसित करना, उन्हें पड़ने, खेलने और घूमने के लिए प्रेरित करना, इन सब के पश्चात बालक में सम्पूर्ण बौद्धिक विकास होगा एवं वो अन्य की अपेक्षा अल्प समय में परिपक्व होगा।

माता-पिता अपने बच्चों के विकास में संवेदनशील और जिम्मेदार भूमिका निभाते हैं। यही कारण है कि माता-पिता को बालविकास के विभिन्न चरणों को समझना चाहिए। इन विभिन्न चरणों को ध्यान में रखते हुए, आपको अपने बच्चे को उनकी क्षमता और कौशल को बढ़ावा देने के लिए खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, तैराकी, हॉकी, शूटिंग, जिमनास्टिक और एथलेटिक्स जैसे खेल बच्चों को अपनी ताकत बढ़ाने में मदद करेंगे।

अन्य कार्यकलापों जैसे कि वाद-विवाद प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता, विभिन्न विषयों के ऊपर लेख लिखना, अलग-अलग विषयों एवं भिन्न भिन्न लेखकों के पुस्तकों का अध्ययन, कहानी, संस्मरण, लेख एवं विचारों का पठन करने से उनके अंदर उपरोक्त सूत्रों का आगमन स्वयं से होगा एवं वे अत्यधिक परिपक्व होंगे तथा पालक के रूप में हम भी अपने दायित्व का निर्वहन करने में सफल होंगे।

**शिक्षिका-रॉयल किड्स कॉन्वेंट, राजनांदगांव**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 220 : रानी कैकेई ने श्री राम को राजा दशरथ के वचनों की पृष्ठभूमि बताई

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



''तुम ऐसा कर सकते हो पुत्र और इसीलिए तुम्हारे पिताजी ने तुम्हें यहां बुलवाया है।'' रानी कैकेई ने कहा।

''यह तो मेरा सौभाग्य है माता।'' श्री राम ने विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया।

''यह झूठ कहती है राम, इसकी बातों में मत आना और अब जो मैं तुमसे कहने जा रहा हूं, उसको सुनकर कोई ऐसा उपाय करना कि इस कैकेई का हठ छूट जाए।'' महाराज दशरथ ने अत्यंत पीड़ा से कहा।

श्रीराम ने पिता को आश्वस्त किया, ''आप आज्ञा दीजिए पिताजी। आपकी हर बात मेरे लिए आदेश है।? आपका हर वचन मेरे लिए प्रतिज्ञा है।आपकी हर इच्छा मेरे लिए दृढ़ संकल्प है। जहां तक मेरा विचार है,आपकी और छोटी माता की इच्छा में कोई भेद नहीं हो सकता है।अतः आपके साथ-साथ उन्हें भी दुखी नहीं होना चाहिए।''

अयोध्या के भावी युवराज और महाराज दशरथ के उत्तराधिकारी राम शक्तिशाली होते हुए भी विनम्र और विनीत हैं। पिता के समक्ष वे एक आज्ञाकारी पुत्र हैं।

''महाराज आपको पूरी बात बताना नहीं चाहते हैं राम, तो सुनो, मैं तुम्हें बताती हूं कि तुम्हारे पिता महाराज तुमसे क्या कहना चाहते हैं।'' रानी कैकेई ने अर्थपूर्ण ढंग से कहा।

निश्छल श्री राम ने उत्तर दिया, ''अवश्य माते! मैंने पहले आपसे ही पूछा था कि पिता महाराज की ऐसी दशा क्यों हुई और मैं ऐसा कौन सा उपाय करूं, जिससे वे प्रसन्न हो जाएं।''

इस पर कैकेई ने कहना शुरू किया और महाराज दशरथ ने उन्हें रोकने का प्रयत्न किया लेकिन असफल रहे।

रानी कैकेई ने गूढ़ स्वर में कहा, ''वर्षों पहले तुम्हारे पिता ने मुझे वचन दिया था राम कि मैं उनसे दो वर मांगूंगी और वे मुझे अवश्य प्रदान करेंगे। यह वर उन्होंने मुझे देवासुर संग्राम में मेरे द्वारा उनकी प्राण रक्षा से प्रसन्न होकर दिया था।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -136



## सामयिक चर्चा

# नेता और गृहस्थ

अखबार उठाकर बानी बोले -  
''सुनिए गजाधर!  
आज धमतरी की खबर -  
बिजली बिल में वृद्धि  
व स्मार्ट मीटर के विरोध में  
कांग्रेसियों का जोरदार प्रदर्शन।  
सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए  
जलाए बिजली बिल।  
गजाधर! कांग्रेसियों की  
ऐसी हरकत पर,  
क्या कहता है आपका दिल?''  
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!  
देखो, अगर कांग्रेस पार्टी  
सत्ता में रहती  
तो भारतीय जनता पार्टी  
बिजली बिल में वृद्धि  
और स्मार्ट मीटर के विरोध में,  
ऐसई प्रदर्शन करती।  
फिर कांग्रेसी वैसई मजे से  
आराम करते जैसे आज  
भाजपाई कर रहे हैं।  
इसलिए बानी भैया!  
हम कह रहे हैं-  
राजनीति के खेल को छोड़ो!  
और घर-गृहस्थी की फिकर में  
अपना मुख मोड़ो!  
सुना है, गांधी चौक पर  
सस्ता मिल रहा है टमाटर।  
तो झोला उठा, चप्पल  
पहन, जल्दी कर!''



**गिरीश बख्शी**

## स्मृतियां -2

# जीवन के रंग

धमतरी जिले में एक अंग्रेजी में एक व्याख्याता थे। 35 साल बाद तब वे ''अंग्रेजी शिक्षण में स्तानतकोत्तर डिप्लोमा'' कोर्स विभागीय तौर पर दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से ''अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा वि.वि'' हैदराबाद से कर रहे थे तब, मैं उनका मेंटर था और वे मेंटी। मैने कोरोना काल में आनलाईन क्लास ली थी। उन्होंने बताया कि मैंने उन्हें 1985 में रायपुर में अंग्रेजी पढ़ायी थी। मुझे खुशी हुई। वे मुझसे व्यक्तिशः मार्गदर्शन चाहते थे। उन्होंने कहा- वे मेरे जाने आने, रहने खाने की व्यवस्था करेंगें।


कुछ दिनों बाद एक दिन वे मेरे घर अपनी गाड़ी में मुझे लेने राजनांदगांव आये। उन्होंने बताया कि उनकी आनलाईन परीक्षा होने वाली है। वे चाहते थे, मैं उनका मार्गदर्शन करूं। परीक्षा के दौरान मार्गदर्शन मुझे अनुचित लगा। मैंने कहा- ये तो अनैतिक होगा। वे वापस चले गए। परीक्षा के दौरान मार्गदर्शन/मदद क्या उचित होता?

**युगल किशोर तिवारी**  
**राजनांदगांव**  
**मो.-8827292489**


## राशिफल




**मेष** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा। आपके द्वारा की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। आज का दिन अच्छा रहने वाला है।




**वृषभ** — ाज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज रियल स्टेट से जुड़े लोगों की फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरूरत होगी। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के सहयोग से घर में सुखद व्यवस्था रहेगी और आपको भी सहायता मिलेगी।




**मिथुन** — आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजर अंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रख कर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद्द से आपका काम खराब हो सकता है।



**कर्क** — आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज दिन की शुरुआत में कोई उलझन रह सकती है, लेकिन परिवार की मदद मिलने से सब अच्छा हो जायेगा। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं।




**सिंह** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है।



**कन्या** — आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे।




**तुला** — आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की क्वालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर तय समय पर कार्यों को पूरा करने की जरूरत है।




**वृश्चिक** — आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आप काम की क्वालिटी और बेहतर बनाने में ध्यान देंगे। आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा।




**धनु** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी।



**मकर** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा।



**कुंभ** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें। अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कार्यस्थल पर शांति भरा माहौल रहेगा।



**मीन** — आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

# जनपद पंचायत में भाजपा-कांग्रेस नेताओं के बीच द्वंद युद्ध

**कलेक्टर से दोनों दल के नेता कर रहे एक-दूसरे की शिकायत**

डोंगरगढ़(दावा)। आगामी पंचायत एवं नगर पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा के जिम्मेदार नेता चुनाव में एक दूसरे से आगे बढ़ने व जमीनी स्तर पर अपना प्रभाव बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के जाने और भाजपा सरकार के आने के बाद भी अपनी सफल रणनीति के कारण कांग्रेस के नेता हर मोर्चे पर सफलता प्राप्त कर रहे है।

वहीं विभिन्न गुटों में बटे भाजपा के नेताओं को हर मोर्चे पर करारी शिकस्त मिलती दिख रही है। कांग्रेस में कांग्रेस विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर हर मोर्चे पर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। वहीं प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद भी नेतृत्व विहीन भाजपा के नेता अपना वर्चस्व कायम करने अपने ही पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को पछाड़ने में लगे रहते है। सभी कार्यकर्ता उसी समय एकजुट दिखाई देते हैं, जब कोई वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं की बैठक लेता है।

**0 ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय भाजपा नेता को निशाना बना रहे हैं कांग्रेसी**

ग्रामीण क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय रूप से कार्य कर रहे भाजपा नेता रविंद्र अग्रवाल को पुराने प्रकरण को सामने लाकर नए सिरे से जांच करने की मांग की जा रही है। साथ ही विगत दिनों ग्राम बेलगांव में घटित घटना एवं पुराने प्रकरण पर रवि अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भाजपा कार्यकर्ता मुरली गेडाम ने भाजपा नेताओं के साथ नहीं देने की स्थिति में कांग्रेस नेताओं का सहारा लिया और शासन प्रशासन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया।

**0 ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय जनपद अध्यक्ष की लंबे समय से शिकायत कर रहे हैं भाजपा के जनपद सदस्य**

ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट करने वाले क्षेत्र में सक्रिय जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह के खिलाफ कांग्रेस शासनकाल के समय से ही जनपद सदस्य रवि अग्रवाल जनपद सदस्यों के साथ मिलकर जनपद पंचायत की ओर से किए गए अनेक कार्यों की शिकायत कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग शासन प्रशासन से करते आ रहे हैं। इसे लेकर जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह एवं जनपद सीईओ सुश्री दिव्या ठाकुर के विरुद्ध भाजपा समर्पित जनपद सदस्यों द्वारा जिला प्रशासन के समक्ष अनेक शिकायत की गई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही श्री अग्रवाल को उम्मीद थी कि उनके द्वारा की जा रही प्रत्येक शिकायत जिसमें नियमों की अनदेखी दर्शाई गई है, पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। किंतु देखा जा रहा है कि भाजपा की सरकार के रहते उनके द्वारा की जा रही शिकायत के संबंध में जिला प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता। अर्थात नियम अनुसार सभी बिंदुओं की जांच के बाद ही प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी, जिसमें वक्त लगेगा।

**0 दोनों ही मामले में जांच पूर्ण हो चुकी है - रवि अग्रवाल**

लगातार आरोपों का सामना कर रहे जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने कहा है कि ग्राम पंचायत बेलगांव के निर्माण कार्यों को लेकर की गई शिकायत पर पर 2015 में ही प्रशासन की ओर से जांच पूर्ण कर ली गई थी जिसमें तत्कालीन सरपंच द्वारा भी उनके खिलाफ की गई शिकायत को सिरे से खारिज किया गया। इसी प्रकार भाजपा कार्यकर्ता बेलगांव निवासी मुरली गेडाम द्वारा की गई शिकायत की जांच पुलिस प्रशासन द्वारा घटनाक्रम के तत्काल बाद पूर्ण कर ली गई थी। जिसमें आवेदक की ओर से गवाह बनाए गए प्रत्यक्षदर्शी अनेक गवाहों द्वारा घटनाक्रम को सामान्य बताया गया।

**0 शासन-प्रशासन व पैसे के बल पर गवाहों को प्रभावित किया गया - मुरली गेडाम**

शिकायतकर्ता मुरली गेडाम की ओर से गवाही देने वाले ग्रामीणों द्वारा उनके पक्ष में खड़े नहीं होने पर श्री गेडाम ने कहा है कि भाजपा नेता ने शासन प्रशासन व पैसे के बल पर गवाहों को प्रभावित किया है।

**0 निर्माण संबंधी सभी कार्यों में नियमों का पालन किया गया है - जनपद अध्यक्ष**

जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह ने कहा है कि शिकायतकर्ता द्वारा हर स्तर पर शिकायत की गई है। जिस पर उच्च अधिकारियों द्वारा हर स्तर की जांच कराई गई। जिसमें कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है। यदि नियम विरुद्ध कोई कार्य किया गया हो तो शिकायतकर्ता द्वारा प्रशासन के माध्यम से फिर से जांच करवा ले।

**विभिन्न गुटों में बटी भाजपा के कारण हतोत्साहित हो रहे हैं कार्यकर्ता**

विपरीत परिस्थिति में भी अपने सफल रणनीतिक फैसले के कारण कांग्रेस विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के नेतृत्व में एकजुट कांग्रेस नेताओं को लगातार सफलता मिल रही है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न गुटों में बटे भाजपा के नेता एक दूसरे को पछाड़ने व क्षेत्र में अपना वर्चस्व बढ़ाने के चक्कर में एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में निराशा देखने को मिल रही है। अनेक घटनाक्रमों से इसे ऐसे समझ जा सकता है। पहले घटनाक्रम में देखा गया है कि नियमों के जानकार तत्कालीन एसडीएम उमेश पटेल को कांग्रेस नेताओं ने भाजपा नेताओं का सहारा लेकर अवैध रेत बिक्री मामले में उलझाया और भाजपा नेताओं के सहारे ही एसडीएम श्री पटेल को डोंगरगढ़ से हटाया गया। दूसरे घटनाक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ कांग्रेस और भाजपा द्वारा लाया गए अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस अध्यक्ष को एकमत के अंतर से कांग्रेस के नेता बचाने में सफल रहे। वहीं उपाध्यक्ष के खिलाफ हुए मतदान में भाजपा को एक वोट अधिक मिला। जो वोट अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा को नहीं मिला था।

# महावीर भवन में जैन संत ऋषभ सागर का व्याख्यान आयोजित



बालोद (दावा)। महावीर भवन में चल रहे प्रवचन श्रृंखला में जैन संत ऋषभ सागर म सा का जीवन दर्शन पर आधारित व्याख्यान चल रहा है। संतश्री ने सहनशीलता पर चल रहे अपने उद्बोधन को आगे बढ़ाते हुए कहा कि सहनशील व्यक्ति दूसरों को सुधारने की क्षमता भी रखता है, अहिंसा के सामने हिंसा को झुकना ही पड़ता है। जिस तरह युद्ध मे तलवार के साथ ढाल भी जरूरी होता है उसी तरह व्यवहारिक जीवन मे सहनशीलता का ढाल भी आवश्यक है। जिस तरह सागर, नदियों को समाहित करने की क्षमता रखता है उसी तरह जीवन मे सहनशीलता का गुण आवश्यक है। वर्तमान परिस्थितियों में परिवार को सुखमय बनाने के लिए सहनशीलता का गुण विकसित करना आवश्यक है। सहनशीलता का लेबल कम होता है तो क्रूरता बढ़ती है। जरा सी डांट असहय लगती है। आज क्रूरता इतनी बढ़ गई है कि लगता है जैसे लोग आग के गोले पर बैठे हों। हत्या या आत्महत्या मामूली बात हो गई है। यह गुण स्वयं को बदल सकता है तथा दूसरों को भी बदलने की क्षमता रखता है। इस गुण से परिवार में सामंजस्य बना रहता है।

सहनशील व्यक्ति गुणी-अवगुणी सभी व्यक्ति से संयमित व्यवहार कर सकता है। कब, कहाँ कैसे बोलना इसका ध्यान रख सकता है। किसी के दोष देखते रहने से दोष बढ़ते हैं और गुणों को देखने से गुण बढ़ते है अतः हमेशा अपने अंदर सकारात्मक भाव बनाये रखें। भगवान को मानने वाला व्यक्ति कर्म के सिद्धांत को मानता है। कष्ट आने पर उसे सहन करता है किसी पर दोषारोपण नही करता। भगवान महावीर स्वामी को भी कितने कष्ट सहने पड़े थे। उन्हें अपना आदर्श मान कर यह गुण बढ़ा सकते हैं। सहनशीलता कायरता नहीं अपितु वीरता की निशानी है। आदर्श परिवार के लिए यह सर्वोत्तम गुण है। आज राजनांदगांव एवं रायपुर से दर्शन, वंदन एवं व्याख्यान का लाभ लेने श्रावक श्राविकाएं आये थे।

## पहला कॉलम...

# मुआवजा राशि की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विक्रांत से लगाई गुहार



खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह लगातार खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के आमजनता के समस्याओं को लेकर निरन्तर सम्पर्क कर रहे है, जिसके चलते आमजन सीधे उनके पास अपनी समस्याओं को लेकर पहुँच रहे हैं व अपनी समस्याओं से श्री सिंह को अवगत करा रहे हैं इसी कड़ी में छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले डुमरिया गाँव के किसानों ने विक्रांत सिंह के पास पहुँचकर अपनी समस्याओं से विक्रांत सिंह को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया जिसमें किसानों ने बताया है कि डुमरिया बांध फूटने से कई किसानों के फसल बर्बाद हुआ है लेकिन पटवारी ने सही आंकलन नही किया व मुआवजा राशि का प्रकरण नही बनाया। किसानों ने यह भी बताया कि राजस्व विभाग के द्वारा सही आंकलन नही किया गया जिससे फसल बीमा योजना का लाभ भी किसानों को नही मिला है। किसानों ने विक्रांत सिंह को पुनः बांध प्रभावित स्थल का मुआयना कराने की मांग रखी जिस पर विक्रांत सिंह ने दूरभाष के माध्यम से छुईखदान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्देश दिया कि पटवारी को भेजकर सही आंकलन किया जाए व यदि फसल खराब हुई है तो मुआवजा प्रकरण बनाने की बात कही। जिस पर ग्रामीणों ने श्री सिंह का आभार जताया। इस दौरान डोमार जंघेल, चुम्मन जंघेल, जगतु सिन्हा, जगदीश सिन्हा, ईश्वर सिन्हा, मोहित सिन्हा, बिशम्भर सिन्हा, जगत सिन्हा, जीवन सिन्हा, चैनसिंह मेरावी, डोमार वर्मा, भागवत सिन्हा, राजबाई सेन, कुमारी सिन्हा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला किसना में न्योता भोज हुआ



हरदी (दावा)। प्राथमिक शाला किसना व माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक शिवकुमार दुबे ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर पूरक पोषण आहार के रुप में प्राथमिक व मिडिल स्कूल के बच्चों को खीर-पुड़ी, केला व अन्य मिष्ठान न्योता भोजन में परोसा गया। इस अवसर पर प्रधान पाठिका गिरिजा केराम, रेणुका पटेल, इंदु साहू, सुरेश रावटे, संजय साहू, हेम बनपेला, श्रद्धा गांवरे उपस्थित थे।

# दफ्तरी गणेश गढ़पायले के सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय में पदस्थ दफ्तरी गणेश गढ़पायले के सेवानिवृत्ति पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पारींनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी। श्री गढ़पायले ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं सीएसपीडीसीएल में 39 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। उन्हें स्मृति चिन्ह, उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।,

इस अवसर पर उपस्थित विद्युतकर्मियों ने श्री गढ़पायले के सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हे समय के पांबद, कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासन दृढ़ता के साथ दायित्वों के निर्वाहन की भूरी-भूरी प्रशंसा कर उनके बेहतर स्वस्थ, सुदीर्घ एवं सुखद जीवन की कामना की। इस विदाई समारोह में गणेश गढ़पायले ने अपने सेवाकाल का विवरण देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहयोग के लिए आभार जताया। इस अवसर पर लेखाधिकारी भावेश वाल्दे, अनुभाग अधिकारी अमर लाल चौहान, आर.के. झारिया, संतोश ठाकुर, एस.के. वर्मा, एम.के. साहू, श्रीमती विनिता खंडेलवाल, जे.पी. साहू, श्रीमती भारती यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

# रासेयो इकाई महाविद्यालय डोंगरगांव द्वारा गोदग्राम कन्हारपुरी में किया गया वृक्षारोपण




डोंगरगांव (दावा)। नगर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बालक तथा बालिका द्वारा दिनांक 31 जुलाई को प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (बालिका) कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियांकी गजभिए और राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी (बालक) कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशाराम साहू के नेतृत्व में गोदग्राम कन्हारपुरी के पंचायत एवं प्राथमिक शाला परिसर में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। जिसके अंतर्गत आंवला, कटहल, काजू, मूंगा, पपीता, अशोक आदि फलदार तथा औषधि पौधे लगाए गए। इस गतिविधि में ग्राम पंचायत सरपंच रूपराम चंद्रवंशी, सचिव रमेश रामटेके, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक तथा सहायक शिक्षिका अर्चना मानिकपुरी तथा मध्यान्ह भोजन सहायिका सहित राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों में सत्यम वैष्णव, मुकेश कुमार साहू भागीरथी, आशु सेन, पुनीता साहू, तामेश्वरी सेवता, करीना पटेल, किरण साहू, देवनारायण माली आदि उपस्थित रहे।

# मनोज का चयन प्रयास विद्यालय में



हरदी (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिरभाठा (मुजगहन) में अध्यनरत कक्षा आठवीं के छात्र मनोज कुमार मंडावी पिता कृष्णा राम मंडावी का चयन प्रयास विद्यालय में हुआ है जिसका काउंसलिंग 2 अगस्त को प्रयास कन्या विद्यालय रायपुर में होना है। मनोज के चयन होने पर प्रधान पाठक प्रवीण कुमार ठाकुर शिक्षक प्रशांत यादव, लाल दास साहू प्राथमिक शाला के शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की और अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। संकुल प्राचार्य निमिषा भुआर्य एवं संकुल समन्वयक प्रकाश सिंह जोशी ने छात्र को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# हायर सेकेंडरी स्कूल टप्पा में मनाया प्रेमचंद जयंती



राजनांदगांव (दावा)। यथार्थवादी अमर कथाकार प्रेमचंद की जयंती 31 जुलाई को शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला टप्पा में धूमधाम से मनाई गई। प्रेमचंद जी ने यथार्थ को लेखन का विषय बनाकर एक आदर्श प्रस्तुत किया और उन्होंने आदर्शवाद, देश प्रेम, समाज सेवा, सच्चाई के चिरंतन मूल्यों पर आधारित सैकड़ो कहानी लिखी और समाज के वर्तमान परिस्थितियों का बखूबी चित्रण किया। आपने हिंदी कथा साहित्य को ठोस धरातल पर खड़े होने का संस्कार दिया। इस महान कथाकार की जयंती पर विद्यालय में प्रेमचंद जी पर विशेष प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा बारहवीं के समस्त छात्र-छात्राएं भाग लेकर प्रेमचंद जी की रचना एवं हिंदी कथा साहित्य के प्रेरक एवं सजीव चित्रण शैली से परिचित हुए, इसके साथ ही साथ वृहद वृक्षारोपण एवं प्राथमिक व माध्यमिक शाला में प्राचार्य जे.के.सिंह द्वारा न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन प्राचार्य जे.के. सिंह के मार्गदर्शन में व्याख्याता हेमंत साहू के द्वारा किया गया।

# कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं कालजयी हैं



**ठेलकाडीह कॉलेज में प्रेमचंद जयंती का सफल आयोजन**

ठेलकाडीह (दावा)। महान कथा एवं उपन्यास सम्राट प्रेमचंद की जयंती पर नवीन शा. महाविद्यालय ठेलकाडीह में प्रेमचंद एवं भारतीय समाज, विषय पर विचार गोष्ठी, सहायक प्राध्यापक डॉ. लालचंद सिन्हा के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्रा रामेश्वरी पाल ने प्रेमचंद के फटे जूते का, मनीषा यदु ने बड़े घर की बेटी की कथावस्तु सारांश, कृष्ण कुमार ने कहानी पंचरमेश्वर, जया साहू ने पूस की रात, लक्ष्मी साहू ने ईदगाह कहानी का, यामिनी साहू ने नमक का दारोगा कहानी का सारांश पाठ किया। प्राचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव ने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रेमचंद के स्वतंत्रता संग्राम एवं आजादी की भूमिका पर उनके लेखन की महत्ता प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी। प्रलेस के सचिव पोषण वर्मा ने छात्रों को साहित्यिक गतिविधियों में शामिल होने, रचनात्मक कार्य करने एवं कविता, कहानी रचना करने हेतु प्रोत्साहित किया। मुन्ना बाबू ने कहा प्रेमचंद को जितना पढ़ना और समझना चाहिए था उतना नहीं पढ़ा गया, वे कालजयी लेखक हैं। उनकी रचनाएं समाज को दिशा देती हैं। प्रलेस के अध्यक्ष प्रभात तिवारी ने कफन कहानी पर प्रकाश डालते हुए छात्र- छात्राओं से चर्चा की। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.जीवन यदु राही ने छात्रों से प्रेमचंद जी के साहित्यिक जीवन पर विस्तृत चर्चा करते हुए पूस की रात कहानी में कैसे एक किसान, मालिक से मजदूर बन जाता है, एक किसान की जीवन दशा को बताया।

उन्होंने नमक का दरोगा कहानी के माध्यम से बताया कि भ्रष्टाचार सूदखोरी पर प्रेमचंद ने गांधी जी के नमक आंदोलन से पहले ही समाज को आगाह कर दिया था। प्रेमचंद ने अपने कहानियों, उपन्यासों के माध्यम से हृदय परिवर्तन करने वाले लेख लिखे। उन्होंने आज के परिदृश्य में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि, आज भारतीय समाज में सांप्रदायिकता बहुत बढ़ रही है। कफन, ठाकुर का कुआं आदि कहानियों का जिक्र करते हुए उन्होंने सामाजिक विषमता को उजागर किया। यदु जी ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए की रचना 'आजादी के बाद बाबा के मेहनत मिल गए मिट्टी मा' का सस्वर पाठ किया। प्राध्यापक डॉ. लालचंद सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए भारतीय समाज, किसान और प्रेमचंद पर गहनता से प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी। कार्यक्रम में हरेंद्र कंवर, चंदन सिंह राठौड़, धन्नु कुमार साहू, बेनी विक्रम बर्मन, रेणुका कुंजाम उपस्थित थे। अंत में विनय कुमार मसीयारे ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# महतारी वंदन की छठवीं किस्त मातृशक्ति के लिए रक्षाबंधन का तोहफा- देवकुमारी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वायदे मोदी की गारंटी के अंतर्गत प्रदेश की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की राशि प्रदान करने का वचन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय पूरा कर रहें हैं। भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री देवकुमारी साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महतारी वंदन योजना की आज छठवीं किशत जारी करने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार किया, श्रीमती साहू ने कहा कि इस माह 19 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार है और महिलाओं को आज प्राप्त राशि एक भाई द्वारा बहनों को रक्षाबंधन पर दिया गया तोहफा है। श्रीमती साहू ने कहा कि भाजपा की साफ सोच है कि छत्तीसगढ़ को 'हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे'। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा आज राशि जारी किए जाने के साथ सभी माताओं से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आव्हान किया गया है, जिस पर अमल होना प्रारंभ हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में अनेक स्थानों पर महिलाओं द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्य शुरू हो चुका है। भाजपा महिला मोर्चा इस कार्य में सहयोग प्रदान कर रही है।

# शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी द्वारा छात्रों को किया नि:शुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण



कल्लूबंजारी (दावा)। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा लगातार बच्चों के लिए सहायता प्रदान करना, शिक्षकों की कला को प्रोत्साहित कर मंच प्रदान करना, सम्मान करना एवं समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य समय-समय पर किया जा रहा हैं। इसी परिपेक्ष में गत दिनों शासकीय प्राथमिक शाला रिंगनी विकासखंड धमधा के सभी बच्चों को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा स्व. धनेश सिंगौर की पुण्यतिथि में शिक्षण सामग्री प्रदान करने का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में रवि कुमार सिंगौर का विशेष योगदान रहा। संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल द्वारा कार्यक्रम का संचालन, स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष मीना भारद्वाज एवं उद्बोधन संस्था के संरक्षक परसराम साहु एवं सलाहकार डॉ.राजेंद्र पाटकर द्वारा किया गया। हेमा चंद्रवंशी, लक्ष्मी बघेल एवं शशि कला पांडे के द्वारा गीत की प्रस्तुति की गई। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों विद्यालय के शिक्षकों का स्वागत जय श्री देवांगन, प्रीतम कुमार साहू एवं लक्ष्मी देशलहरे के द्वारा किया गया। संस्थापक संजय कुमार मैथिल ने संस्था के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि हम बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा के क्षेत्र में संस्था के द्वारा रचनात्मक कार्य की जा रही है। पाटकर ने कहा कि किताबें बच्चों के लिए सच्चा साथी व मित्र है। परसराम साहू ने कहा कि हमें बढ़-चढ़कर समाज सेवा के कार्य में आगे आना चाहिए।

संस्था के अध्यक्ष मीना भारद्वाज ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में हम सबको ध्यान देना चाहिए बच्चे भगवान का रूप होते हैं। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी शशिकला पांडे, राजेंद्र पाटकर, परसराम साहू, संजय कुमार मैथिल, जयश्री देवांगन, अजय पाठक, लक्ष्मी बघेल, लक्ष्मी देशलहरे, हेमा चंद्रवंशी, प्रीतम कुमार साहू, देवराव वैध, विद्यालय के प्रधान पाठक नज मुसहर खान, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक पुष्प लता वर्मा, किरण चौधरी, पूर्णिमा साहू, प्रीति चतुर्वेदी एवं सभी बच्चें उपस्थित थे। इस कार्यक्रम से सभी बच्चे हर्षित हुए तथा प्रतिदिन स्कूल आने की इच्छा जाहिर की। आभार प्रदर्शन राव वैध के द्वारा किया गया। निःशुल्क शिक्षण सामग्री वितरण करने का कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उक्त जानकारी छुरिया निवासी संस्था के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिनेश कुरेटी दिलेर ने दी।

# जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने किया पौधारोपण

**महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं के साथ 'एक पेड़ मां के नाम अभियान'**



छुरिया (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार 01 अगस्त को ग्राम पंचायत भंडारपुर में महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव के मुख्य आतिथ्य एवं रविन्द्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा के अध्यक्षता में मां के सम्मान में पौधे लगाए गए। यह अभियान जिला स्तर, ब्लाक मुख्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, नगरीय निकाय सहित पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि महिलाएं अपने घर, आंगनबाड़ी, और किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पौधे लगा सकते है। इस महाअभियान में कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है। वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी अनिल कुमार बंम्बाडे ने बताया कि पौधे लगाने के लिए वन विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। वन परिक्षेत्र बागनदी के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में सघन पौधारोपण किया जाएगा। इसी प्रकार अन्य जगहों पर भी यह महाअभियान चलाया जाएगा। महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं को फलदार, छायादार, पौधों का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा यदि महिलाएं स्वयं से भी कोई पौधे लगाना चाहती है तो वे भी लगा सकती है। इस महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं को पौधा वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच श्रीमती शकुन गंधर्व, कूमदास साहू, अनस पटेल, अक्तू पटेल, कुमारी यादव, लता यादव, वनविभाग सहायक परिक्षेत्र अधिकारी छुरिया कृष्ण कुमार सोनी, वनपाल चंदूलाल हरदेल, वनरक्षक रोशन साहू, लोकेश कुमार सलामे एवं भारी संख्या में महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहे। यह जानकारी हारुन मानिकपुरी ने दी।

# पहला कॉलम...

## भारतीय टीम के पूर्व कोच का निधन, पीएम मोदी समेत क्रिकेटर्स ने जताया शोक



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। पूर्व भारतीय कोच अंशुमन गायकवाड़ का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने 71 की उम्र में आखिरी सांस ली। अंशुमन गायकवाड़ लंबे समय से कैंसर से लड़ाई लड़ रहे थे। लंदन के किंग्स कॉलेज अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अंशुमन गायकवाड़ के निधन पर शोक जताया है। जय शाह ने एक्स पर लिखा, श्री अंशुमन गायकवाड़ के परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। संपूर्ण क्रिकेट जगत के लिए हृदयविदारक। उसकी आत्मा को शांति मिले। गायकवाड़ बीते एक साल से ब्लड कैंसर से जूझ रहे थे। वह लंदन के किंग्स कॉलेज अस्पताल में भर्ती थे। संदीप पाटिल और भारत के एक और पूर्व बल्लेबाज दिलीप वेंगसरकर ने उनसे मुलाकात की थी। उनसे मिलने के बाद दोनों ने बीसीसीआई से अंशुमन की मदद करने की बात कही थी। इसके बाद बोर्ड ने अंशुमन गायकवाड़ के इलाज के लिए 1 करोड़ रुपये की मदद की थी। उनके निधन के बाद क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पीएम मोदी से लेकर भारत के नए कोच गौतम गंभीर समेत कई क्रिकेटर्स उनके निधन पर दुख जता रहे हैं।

## एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा

दिल्ली। अगस्त के पहले ही दिन आम आदमी को महंगाई का झटका लगा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिये हैं। इससे अब आपको एलपीजी सिलेंडर महंगा मिलेगा। नई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। 19 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में यह बढ़ोतरी हुई है। कंपनियों ने इस एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 8.50 रुपये का इजाफा किया है। वहीं, 14 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट के मुताबिक, देश की राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर अब 1652.50 रुपये में मिल रहा है। पहले यह कीमत 1646 रुपये थी। यहां कीमत में 6.50 रुपये का इजाफा हुआ है। कोलकाता में यह सिलेंडर अब 1764.50 रुपये में मिल रहा है। यहां कीमत में 8.50 रुपये का इजाफा हुआ है। मुंबई में इस सिलेंडर की नई कीमत 1605 रुपये और चेन्नई में 1817 रुपये हो गई है। 19 किलोग्राम वाले एलपीजी गैस सिलेंडर की पुरानी कीमत कोलकाता में 1756 रुपये, मुंबई में 1598 रुपये और चेन्नई में 1809.50 रुपये थी।

## फिर महंगा हुआ सोना-चांदी



नई दिल्ली। अगस्त के महीने की शुरुआत हो चुकी है और ये शुरुआत शेयर बाजार में गिरावट के साथ देखने को मिली है। मार्केट में कई सारे शेयर के रेट गिरते दिखे। जबकि, सोने और चांदी का पारा चढ़ता ही दिखा। लगातार दूसरे दिन सोने और चांदी की कीमत में बढ़ोतरी देखने को मिली है। सोने और चांदी के रेट में गिरावट आने के बाद कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। आज यानी 1 अगस्त 2024 को प्रति 10 ग्राम 22 कैरेट का सोना 64,000 रुपये की जगह 64,500 रुपये का हो गया है। जबकि, प्रति 10 ग्राम 24 कैरेट का सोना 69,820 रुपये की जगह 70,360 रुपये का हो गया है। जबकि, चांदी की कीमत 86,500 रुपये की जगह 87,100 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

## बीसीसीआई की मीटिंग में शाहरुख खान और नेस वाडिया में तीखी बहस

नई दिल्ली। बीसीसीआई अधिकारियों की आईपीएल टीम के मालिकों के साथ मीटिंग चर्चा का विषय बनी हुई है. यह मीटिंग 31 जुलाई को मुंबई में बीसीसीआई हेडक्वार्टर्स में होनी थी और अब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि मीटिंग में मेगा ऑक्शन को करवाए जाने पर ही सवाल उठा दिए गए हैं. कोलकाता नाइट राइडर्स के सह-मालिक शाहरुख खान समेत कुछ लोग मेगा ऑक्शन को ना करवाने के पक्ष में हैं.

इस बीच शाहरुख, पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया से भी जा भिड़े. क्रिकबज ने रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया कि शाहरुख खान मेगा ऑक्शन को करवाए जाने के बिल्कुल भी पक्ष में नहीं हैं. बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि खान एक समय पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया के साथ तीखी बहस भी करने लगे थे. उनकी बहस का कारण ये था कि कितने खिलाड़ियों को रिटेन किया जाना चाहिए.

# भारत को तीसरा मेडल, शूटिंग में स्वप्निल कुसाले ने जीता ब्रांज



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में भारत को तीसरा मेडल मिल गया है. भारतीय शूटर स्वप्निल कुसाले ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है. इससे पहले मनु भाकर ने मेडल जीता था. साथ ही मनु भाकर ने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर ब्रॉन्ज मेडल जीता. इस तरह भारत ने तीसरा मेडल अपने नाम किया. बहरहाल, स्वप्निल कुसाले ने मेंस 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया. इस भारतीय शूटर ने 451.4 प्वॉइंट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर लिया.

बहरहाल, पहली बार किसी भारतीय शूटर ने ओलंपिक की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में मेडल जीता है. अब तक भारत के तीनों मेडल शूटिंग इवेंट में आए हैं. चीन के लियू युकुन ने गोल्ड मेडल जीता. जबकि यूक्रेन के कुलिश सेरही ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया.

हालांकि, स्वप्निल कुसाले के लिए मेडल जीतना आसान नहीं रहा. नीलिंग और प्रोन सीरीज के बाद स्वप्निल कुसाले 310.1 प्वॉइंट्स के साथ पांचवें नंबर पर थे, लेकिन इसके बाद स्टैंडिंग सीरीज के बाद शानदार वापसी का नजारा पेश किया. बताते चलें कि नीलिंग में शूटर घुटने के बल बैठकर शूटिंग करते हैं, जबकि प्रोन में जमीन पर लेटकर शूटिंग की जाती है. इसके अलावा स्टैंडिंग में शूटर खड़े होकर शूटिंग करते हैं.

स्वप्निल कुसाले महाराष्ट्र के कोल्हापुर से ताल्लुक रखते हैं. उन्होंने क्वॉलीफिकेशन राउंड में शानदार प्रदर्शन किया था. इस शूटर ने क्वॉलीफिकेशन राउंड में 590 प्वॉइंट्स हासिल किए थे. बहरहाल, पेरिस ओलंपिक में भारत को तीसरा मेडल मिल गया है. अब तक भारत को तीनों मेडल शूटिंग में ही मिले हैं. साथ ही तीनों ब्रॉन्ज मेडल हैं.

### पीएम मोदी ने कुछ इस अंदाज में दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वप्निल कुसाले को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा, स्वप्निल कुसाले का असाधारण प्रदर्शन! पेरिस ओलंपिक में पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक जीतने पर आपको बहुत-बहुत बधाई। उनका प्रदर्शन इसलिए खास है, क्योंकि उन्होंने बहुत ज्यादा लचीलापन और कौशल दिखाया है। वह इस वर्ग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट भी हैं। इससे हर भारतीय काफी खुश है।

# इजरायल ने हमास के मिलिट्री चीफ मोहम्मद डायफ को एयरस्ट्राइक में मार गिराया

नई दिल्ली। इजरायल और हमास के बीच बीते साल अक्टूबर महीने से भीषण जंग हो रही है। हालांकि, इस युद्ध में अब हमास कमजोर पड़ने लगा है। एक बाद एक कर के हमास के सभी शीर्ष नेता और अधिकारी मारे जा रहे हैं। अब इजरायली सेना ने ऐलान किया है कि हमास के मिलिट्री चीफ मोहम्मद डायफ को मार दिया गया है।



इजरायल ने जुलाई में की गई एक एयरस्ट्राइक में डायफ के मारे जाने का दावा किया है। इजरायल रक्षा बल ने सोशल मीडिया पर मोहम्मद डायफ के मारे जाने की खबर की पुष्टि की है। इजरायली सेना ने जानकारी दी है कि मोहम्मद डायफ को इजरायल पर हुए 7 अक्टूबर के हमले के पीछे के मास्टरमाइंड में से एक माना जाता था। वह हमास का सैन्य प्रमुख था। बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल में घुसकर करीब 1200 लोगों की हत्या कर दी थी और सैकड़ों लोगों को बंदी बनाकर गाजा पट्टी ले जाया गया था। इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने बताया है कि 13 जुलाई, 2024 को आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने गाजा के खान यूनिस के इलाके में हमला किया था।

सेना ने कहा है कि खूफिया जानकारी के बाद इस बाद की पुष्टि की जा सकती है कि हमले में मोहम्मद डायफ को मार गिराया गया था। आपको बता दें कि मोहम्मद डायफ इजरायल के टॉप मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। इससे पहले वह कई बार इजरायल को चकमा दे चुका था।

# देश के 300 बैंकों पर बड़ा साइबर अटैक, यूपीआई सर्विस ठप- एटीएम से भी नहीं निकाले जा रहे पैसे

नई दिल्ली। भारतीय बैंकों पर बड़ा साइबर अटैक हुआ है। लगभग 300 छोटे बैंकों को देश के बड़े पेमेंट नेटवर्क से अलग कर दिया गया है। ऐसा इसलिए ताकि हमले के बाद किसी भी बड़े खतरे को रोका जा सके। यह साइबर हमला एक ऐसी कंपनी पर हुआ है, जो इन बैंकों को टेक्नोलॉजी सेवाएं देती है। इससे इन बैंकों के पेमेंट सिस्टम अस्थायी रूप से बंद हो गए हैं। यूपीआई यानी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने एक नोटिस जारी कर बताया कि बैंकों को सर्विस ऑफर करने वाले एनपीसीआई के सिस्टम पर प्रभाव हुआ है।



इससे देशभर के करीब 300 छोटे बैंक और फाइनेंशियल इन्स्टीट्यूशन्स का बैंकिंग से जुड़ा कामकाज ठप पड़ गया है। यहां तक कि ग्राहक,ऋरू से पैसा नहीं निकाल पा रहे हैं, वहीं, यूपीआई से अमाउंट ट्रांसफर करने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन तकनीकी समस्या का असर सहकारी बैंकों और ग्रामीण क्षेत्रीय बैंकों के ग्राहकों पर पड़ा है,जॉइंट वेंचर सी-एज टेक्नोलॉजीस पर निर्भर हैं, हालांकि, अन्य बैंकिंग सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं।

दरअसल, सी-एज टेक्नोलॉजीज के सिस्टम में सेंधमारी का पता चलने के बाद बीते दो दिनों से इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, बड़ी पैमेंट सिस्टम की सुरक्षा के लिए सी-एज सिस्टम को अलग करना पड़ा है। इसके साथ ही जरूरी सावधानियां भी बरती गई हैं।

**पेरिस ओलंपिक 2024**

# 51 साल के यूसुफ डेरिक ने शूटिंग में जीता मेडल

पेरिस। पेरिस ओलंपिक 2024 के छठे दिन 51 साल के एक शूटर ने कमाल कर दिया है. तुर्किए के इस शूटर ने बिना लेंस और अन्य इक्यूपमेंट के 10 मिटर शूटिंग मिक्स इवेंट में सिल्वर मेडल जीत अपने देश का नाम रौशन किया है. ये शूटर हैं यूसुफ डेरिक. उन्होंने अपनी साथी सेवल इलाया तरहान के साथ सिल्वर जीता है.



सोशल मीडिया पर यूसुफ डेरिक की तस्वीर वायरल हो रही है. इस तस्वीर में वे बिना किसी विशेष उपकरण की मदद के निशाना लगाते हुए दिख रहे हैं. बिना किसी विशेष गियर के केवल चश्मा पहने हुए शूटिंग करते उनकी तस्वीर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. डिकेक ने नियमित प्रिस्क्रिप्शन चश्मा और इयरप्लग पहने थे और फिर भी अधिकांश प्रतियोगियों को हरा दिया. उन्होंने एक हाथ जेब में रखकर लाइन को रोल किया पिस्तौल को सीधा किया और एकदम सटीक निशाना लगाते हुए सिल्वर मेडल जीता.

यूसुफ़ डिकेक तुर्किए के 51 वर्षीय निशानेबाज़ हैं.वे 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में भाग लेते हैं. पेरिस ओलंपिक 2024 में मिश्रित टीम श्रेणी में तुर्की का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. यूसुफ़ डिकेक एक दाएं हाथ के निशानेबाज़ हैं. डिकेक 5 बार शूटिंग में ओलंपिक में तुर्की का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. 2014 में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल और 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में वे डबल वर्ल्ड चैंपियन रह चुके हैं. तुर्की के इस शूटर ने 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में रजत पदक जीता था. डिकेक सात बार के यूरोपीय चैंपियन रहे हैं.

# श्रीलंका को झटका - पथिराना-मदुशंका चोट की वजह से हुए बाहर

नईदिल्ली। भारत और श्रीलंका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी. इससे ठीक पहले श्रीलंका को तगड़ा झटका लगा है. टीम के दो दिग्गज खिलाड़ी चोट की वजह से टीम से बाहर हो गए हैं. मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएंगे. श्रीलंका ने इन दोनों की जगह मोहम्मद शिराज और ईशान मलिंगा को टीम में जगह दी है. इसके साथ-साथ टीम ने तीन और खिलाड़ियों को स्टैंडबाय के तौर पर रखा है.



दरअसल श्रीलंका को भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था. अब वह वनडे सीरीज के लिए तैयार है. वनडे सीरीज का पहला मैच 2 अगस्त को खेला जाएगा. इससे पहले श्रीलंका को तगड़ा झटका लगा है. टीम को दो दिग्गज खिलाड़ी चोट की वजह से बाहर हुए हैं. मदुशंका और पथिराना भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएंगे. श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी. राइट आर्म फास्ट बॉलर पथिराना कई मौकों पर टीम के लिए शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं. लेकिन वे वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएंगे. पथिराना भारत के खिलाफ टी20 मैच में डाइव लगाते हुए चोटिल हो गए थे. उनके कंधे में चोट लगी है. लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर मदुशंका की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है. इस वजह से वे भी बाहर हो गए हैं.

# मजबूत ग्लोबल संकेतों से ऑल-टाइम हाई पर खुला शेयर बाजार, निफ्टी 25 हजार के पार

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबार सत्र रिकॉर्ड स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही बाजार के मुख्य सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशः 82,019 और 25,050 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। सुबह 9:19 पर, सेंसेक्स 241 अंक या 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,982 और निफ्टी 97 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,048 पर था। बैंकिंग शेयरों में भी तेजी देखने को मिल रही है। निफ्टी बैंक 263 अंक या 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,817 पर था।

अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दरों में कमी को लेकर बुधवार को बैठक हुई थी। इसमें फेड चेयरमैन द्वारा ब्याज दरों को लेकर सकारात्मक बयान दिया गया है, जिसका असर भारत के साथ-साथ अन्य वैश्विक बाजारों पर भी देखने को मिल रहा है।

छोटे और मझोले शेयरों में भी तेजी का ट्रेंड बना हुआ है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 213 अंक या 0.36 प्रतिशत बढ़कर 59,222 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 90 अंक या 0.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,227 पर है। शेयर बाजार में भी सकारात्मक रुझान बना हुआ है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,503 शेयर हरे निशान में और 570 शेयर लाल निशान में हैं। सेंसेक्स पैक में मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, विप्रो, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक और एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर्स हैं।

एमएंडएम, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि फेड चीफ की ओर से सितंबर में पहली ब्याज दर कटौती की बात कही गई है। ये बाजार के लिए सकारात्मक है।

हालांकि, हमास लीडर के मारे जाने के कारण पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति है, जिसका असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। एशियाई बाजारों में मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। सोल, बैंकॉक और जकार्ता के बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। वहीं, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग लाल निशान में हैं। अमेरिकी बाजार बुधवार को सकारात्मक बंद हुए थे।

# प्रथम पेज का शेष

***सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-क्या सीएम***

मालीवाल ने शिकायत में कहा था कि जब वह 13 मई को सीएम आवास मुख्यमंत्री केजरीवाल से मिलने पहुंचीं थी तो बिभव ने उनके साथ मारपीट की। मालीवाल की शिकायत पर पुलिस ने बिभव कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया था। पुलिस का कहना है कि बिभव कुमार जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। बिभव ने जमानत के लिए 27 मई को ट्रायल कोर्ट का रुख किया था, लेकिन वहां से जमानत खारिज होने के बाद सत्र न्यायालय में अपील की। वहां से भी निराशा के बाद बिभव ने हाईकोर्ट का रुख किया, लेकिन हाईकोर्ट ने भी बिभव को राहत देने से इनकार कर दिया। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ बिभव ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

***कुल्लू-मनाली, मंडी में फटे बादल....***

काफी मुश्किल हो गया है। मंडी जिले के टिक्कन थालाकुट गांव के पास बादल फटने से यहां भी एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ लोग लापता हैं। कुछ घर ढह गए हैं। वहीं कुल्लू जिले के जाओं गांव में भी बादल फटने से नुकसान हुआ है। फुट ब्रिज तक बह गए हैं। लापता लोगों का पता लगाने के लिए ड्रोन की हेल्प ली जा रही है। डैमेज हो गए नेशनल हाईवे- व्यास नदी के उफान के कारण चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे कई जगहों से डैमेज हो गया है। कुल्लू के भुंतर क्षेत्र में अलर्ट जारी किया गया है। यहां की पार्वती नदी और मलाणा में बाढ़ गई है।

वहीं कुल्लू और मंडी में सभी स्कूलों और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। इसके साथ उत्तराखंड में भी मानसून का प्रकोप बना हुआ है। टिहरी गढ़वाल जिले के जखन्याली में बादल फट गए हैं, जिससे यहां दो लोगों की मौत हो गई है और एक घायल हो गया है। हरिद्वार में भी हालात काफी गंभीर हैं। भारी बारिश के चलते एक घर की छत गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई है। साथ ही नौ लोग घायल हो गए हैं। उत्तर भारत में बरसात लोगों को हादसों का शिकार बन रही है। इसलिए लोगों से अपील की जा रही है कि फिलहाल इन जगहों पर घूमने ना जाएं। वरना, जरा सी लापरवाही जान के लिए मुसीबत बन सकती है।

***वायनाड में लैंडस्लाइड-...***

पोशुथाना इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने घरों को छोड़ने को कहा है। इससे पहले बुधवार को लोगों से लैंडस्लाइड वाले इलाकों से दूरी बनाने की वॉर्निंग दी गई। तमिलनाडु की विपक्षी पार्टी ने बुधवार को वायनाड के पीड़ितों के लिए 1 करोड़ रुपए रिलीफ पैकेज देने की घोषणा की है। पार्टी के जनरल सेक्रेटरी और पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने कहा कि 1 करोड़ रुपए के अलावा हम पड़ोसी राज्यों को रिलीफ मटेरियल भी भेजेंगे।

0 रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए सेना ने ब्रिज बनाया- सेना मुंडक्कई को चूरलमाला से जोड़ने के लिए 85 फीट लंबा बैली ब्रिज बना रही है। यह बनकर आज तैयार हो जाएगा। ब्रिज बनाने के लिए दिल्ली और बेंगलुरु से सामान लाया गया है। यह ब्रिज 24 टन का वजन झेल सकता है। ब्रिज के बनने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी आएगी, क्योंकि ब्रिज से भारी मशीने घटनास्थल तक पहुंच सकेगी।

0 पश्चिम बंगाल गवर्नर वायनाड पहुंचे- पश्चिम बंगाल के गवर्नर भी बुधवार को वायनाड पहुंचे। उन्होंने वायनाड में पीड़ितों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री विजयन से चर्चा कर रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर जानकारी ली। इसके अलावा वे रिलीफ कैंप्स, अस्पताल और मॉर्चुरी पहुंचे।

0 सेना ने दो रिसॉर्ट से 19 टूरिस्ट को बचाया- सेना ने मुंडक्कई गांव के बाहर स्थित इला रिसॉर्ट और वाना रानी रिसॉर्ट में फंसे 19 टूरिस्ट को बुधवार को निकाला। ये घटना के बाद से यहीं फंसे हुए थे। डिफेंस क्कह्र के मुताबिक, 122 इन्फैंट्री बटालियन (ञ्ज) मद्रास के जवानों ने रस्सियों के सहारे सभी नागरिकों को चूरलमाला तक सुरक्षित निकालने के लिए एक मानव पुल बनाया।

***छत्तीसगढ़ में 20 आईएएस का...***

अधिकारियों के नाम व नवीन पदस्थापना- ऋतु सैन ओएसडी, सह निवेश आयुक्त सीएसआइडीसी, दिल्ली मुख्यालय, अन्बलगन पी. सचिव जनशिकायत निवारण विभाग, नीलम नामदेव एक्का आयुक्त बिलासपुर संभाग, जनक प्रसाद पाठक आयुक्त उच्च शिक्षा व मिशन संचालक राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान, महादेव कावरे आयुक्त रायपुर संभाग, शारदा वर्मा सचिव वाणिज्यि कर (पंजीयन) व वित्त विभाग, किरण कौशल आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, अनुराग पाण्डेय विशेष सचिव मंत्रालय, चंदन कुमार विशेष सचिव वित्त सामान्य प्रशासन व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संजीव कुमार झा संचालक विमानन का अतिरिक्त प्रभार, रजत बंसल आयुक्त मनरेगा व संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पुष्पेन्द्र कुमार मीणा आयुक्त वाणिज्यिक कर (जीएसटी) सचिव लोक सेवा आयोग महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक, पुष्पा साहू संयुक्त सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रभार से मुक्त, रितेश कुमार अग्रवाल संचालक कोष एवं लेखा व पेंशन एवं पंजीयक फर्म एवं संस्थाएं, प्रभात मलिक सीईओ चिप्स व संयुक्त सचिव सुशासन एवं अभिसरण विभाग, जयश्री जैन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद, चंदन संजय त्रिपाठी- कलेक्टर कोरिया, संबित मिश्रा- कलेक्टर, बीजापुर, वासु जैन- अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नारायणपुर।

***युवती से अभद्रता: एक्शन में सरकार***

इनकी हुई गिरफ्तारी, दस मनबढ़ चिन्हित- पुलिस ने बृहस्पतिवार को दो और मो. अरबाज और विराज साहू को दबोचा। संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि ने बताया कि वीडियो व फोटो की मदद से दस और आरोपियों को चिह्नित कर लिया गया है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें लगाई गई हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में भी लिया है।

शशांक सिंह को बनाया गया डीसीपी पूर्वी- आईपीएस शशांक सिंह को डीसीपी पूर्वी, पंकज सिंह को एडीसीपी पूर्वी और विकास जायसवाल को एसीपी गोमतीनगर बनाया गया है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी को गोमतीनगर थानेदार की जिम्मेदारी दी गई। सभी अफसरों ने तत्काल कार्यभार संभालकर कार्रवाई शुरू की। हटाए गए डीसीपी प्रबल प्रताप सिंह को यूपी 112, एडीसीपी अमित कुमावत को मुख्यालय और अंशु जैन को एसीपी महिला अपराध के पद पर तैनाती दी गई।

# चीन की जियाओ ने लिया पीवी सिंधू से 2-0 से हराया



पेरिस। भारतीय शटलर पीवी सिंधू को तगड़ा झटका लगा। बुधवार को चीन की ही बिंग जियाओ ने उन्हें 2-0 से हराकर टोक्यो ओलंपिक की हार का बदला ले लिया।

महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन की विश्व की छठे नंबर की खिलाड़ी ही बिंग जियाओ के खिलाफ सीधे गेम में हारकर पेरिस खेलों से बाहर हो गईं। 29 वर्षीय सिंधू लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहीं और उन्हें 56 मिनट तक चले राउंड ऑफ 16 मुकाबले में बिंग जियाओ ने 21-19, 21-14 से हराया। रियो डी जेनेरियो और टोक्यो ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू ने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर नॉकआउट चरण के लिए क्वालिफाई किया था।

# छुईखदान उदयपुर दनिया नवनिर्मित सड़क का हाल-बेहाल

*(देवेश सोनी)*

छुईखदान (दावा)। छुईखदान से उदयपुर दानिया तक बनने वाली सड़क बरसात के कारण हाल बेहाल हो गया है। नगर के अंतर्गत बिजली ऑफिस चौक से लेकर कंडरा पारा के आखिरी छोर नाले तक मे आए दिन कीचड़ गड्ढा और गंदगी होने के कारण छुईखदान नगरवासी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को भी कीचड़ में चलकर जाना पड़ रहा है सड़क कार्य प्रशासनिक उदासीनता व जनप्रतिनिधियों के ध्यान नहीं दीये जाने के कारण कार्य रुका है एवं बहुत ही धीमी गति से चल रहा है।जिसे लेकर क्षेत्र में नाराजगी देखी जा रही है।

मुख्य मार्ग होने की वजह से छुईखदान से दुर्ग रायपुर बेमेतरा के लिए बसों की आवाजाही बनी रहती है, बसो के हिचकोले से यात्री काफी

**कीचड़ से लथपथ होकर बच्चे स्कूल जाने मजबूर**

डर जाते हैं, स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे गिरते-पड़ते अपने स्कूल पहुंचते हैं, ऐसी स्थिति में उनके साथ कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती हैं और तो सड़क पर कीचड़ होने से बच्चों का ड्रेस भी गंदा हो जा रहा है।

छुईखदान शहर के मुख्य मार्ग होने के कारण गन्दगी, गड्ढे और कीचड़ का भयावह डर बने रहता है। पिछले दिनों नगरवासियों ने सड़क निर्माण और नाली निर्माण को लेकर चक्काजाम का अल्टीमेटम दिया था। जिसके बाद कार्य शुरू हुआ था, लेकिन उसमे भी कछुए की चाल से कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है, जिसे लेकर छात्र और पालक वर्ग नाराज हैं।

### चुनाव से पहले बना था मुद्दा

ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव से पहले इस सड़क निर्माण को लेकर राजनीतिक दलों ने इसे मुद्दा बनाया था, लेकिन अब तक स्थानीय जन प्रतिनिधि व प्रशासन की उपेच्छा पूर्ण रवैया के कारण पक्का नाली और सड़क मरम्मत कार्य नहीं हो सका है। जिससे नागरिकों के मन मे नाराजगी का भाव स्पष्ट देखा जा सकता है। स्वतंत्रता की 75 बरस बाद भी पक्की सड़क नाली की मांग छुईखदान नगरवासी करे, और वह भी ना हो सके, इससे बडा दुर्भग्याजनक स्थिति की कल्पना नहीं किया जा सकता, सड़क में सुधार नहीं होने से अन्य कोई गंभीर घटना भी घट जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। नगरवासीयों ने अविलंब सड़क कार्य पूर्ण करने की मांग शासन प्रशासन से किये है। प्रभावित लोगों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/एसडीएम को शीघ्र सड़क एवं नाली निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग स्वरूप ज्ञापन भी दिया गया था एवं कार्य शुरू नहीं होने की स्थिति में चक्का जाम की भी चेतावनी दिए गए थे तत्पश्चात कार्य थोड़ा बहुत कछुआ गति से आगे बढ़ा था। लेकिन कार्य में प्रगति नहीं होने से मामला बिगड़ते जा रहा है।

### वार्डवासी कर सकते है चुनाव का बहिष्कार

वैसे तो नगरीय निकाय चुनाव में ज़्यादा देर नही है, जिसे लेकर वार्डवासी अभी शान्त बैठे हैं, अगर सड़क और नाली निर्माण में ऐसे ही लेटलतीफी रहा तो वार्डवासी चुनाव का बहिष्कार कर सकते है।

# रायपुर से हैदराबाद एक्सप्रेस-वे में प्रमाणित ग्रामों के भूमि के क्रय-विक्रय में लगा प्रतिबंध शिथिल किया गया

मोहला(दावा)। परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) परियोजना कार्यान्वयन इकाई, रायपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 29011/1/ पीआईयू आरपीआर/ डीपीआर/ आरपीआर/ एचवाईडी कॉरीडोर/ 4757 दिनांक 31/10/2022 के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से हैदराबाद के मध्य चार लेन एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिसका डीपीआर कार्य प्रगति पर है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा रायपुर से हैदराबाद के मध्य संरेखण (एलाइनमेंट) के प्रारंभिक रूप में भू-अर्जन कमीटी, भा.रा.रा.प्रा. मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा दिनांक 17 अक्टूबर 2022 को अनुमोदित किया गया है।

उपरोक्त अनुमोदित संरेखण (एलाइनमेंट) के अनुसार जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी के प्रभावित ग्रामों में राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 के तहत भू-अर्जन प्रस्तावित कर मोहला मानपुर अं.चौकी जिले के प्रभावित ग्रामों में भूमि के बटांकन, व्यपवर्तन (व्यवसायिक परिवर्तन/गैर कृषि परिवर्तन) तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया गया था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) परियोजना कार्यान्वयन इकाई, रायपुर (छ.ग.) के उपरोक्त प्रस्ताव पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/1063/भू-अर्जन/2022 मोहला दिनांक 04 नवम्बर 2022 के अनुसार मोहला मानपुर अं.चौकी जिले के तहसील मोहला के 07 ग्रामों, एवं तहसील अं.चौकी के 22 ग्रामों में भूमि के बटांकन, व्यपवर्तन (व्यवसायिक परिवर्तन/गैर कृषि परिवर्तन) तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) परियोजना कार्यान्वयन इकाई, रायपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक एनएचएआई/पीडी/पीआईयू-रायपुर/डीपीआर/2024/1478 दिनांक 13 जुलाई 2024 एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) जी.- 5 एवं 6, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली-110075 के अनुसार भारतमाला परियोजना के अंतर्गत हैदराबाद-रायपुर परियोजना के डी.पी.आर. को बंद करने की सूचना दी गई है। अतएव भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उपरोक्त पत्र दिनांक 13 जुलाई 2024 के तारतम्य में इस कार्यालय द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश क्रमांक/1063/ भू-अर्जन/2022 मोहला दिनांक 04 नवंबर 2022 को आगामी आदेश पर्यन्त शिथिल किया जाता है।

### टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (पेण्ड्री) राजनांदगांव में पंजीकृत व्यवसाय व सेक्टर ऑटोमोबाईल के टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक हितग्राही 10 अगस्त 2024 तक कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण अंतर्गत टैक्सी ड्राईविंग एवं मरम्मत संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संस्था से प्राप्त की जा सकती है।

# तीन एक्सप्रेस गाड़ियों के कोच संरचना में संशोधन

राजनांदगांव (दावा)। रेलवे प्रशासन द्वारा जनरल कोच के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 22648/22647 कोचुवेल्ली-कोरबा-कोचुवेल्ली एक्सप्रेस, 22646/22645 कोचुवेल्ली-इंदौर-कोचुवेल्ली तथा 12643/12644 तिरुवंनन्तपुरम-निजामुद्दीन-तिरुवंनन्तपुरम एक्सप्रेस गाड़ियों के कोच संरचना में संशोधन करते हुये इस गाड़ियों में दो-दो अतिरिक्त जनरल कोच की संख्या में बढ़ाई जा रही है।

**यात्रियों के सुगम यात्रा सुविधा हेतु जनरल कोच की संख्या में की जा रही है वृद्धि**

गाड़ी संख्या 22648 में दिनांक 8 अगस्त से 13 नवम्बर तक तथा गाड़ी संख्या 22647 में दिनांक 9 अगस्त से 14 नवम्बर तक, गाड़ी संख्या 22646 में दिनांक 10 अगस्त से 16 नवम्बर तक तथा गाड़ी संख्या 22645 में दिनांक 12 अगस्त से 18 नवम्बर तक एवं गाड़ी संख्या 12643 में दिनांक 6 अगस्त से 19 नवम्बर तक तथा गाड़ी संख्या 12644 में दिनांक 9 अगस्त से 22 नवम्बर तक 2.2 अतिरिक्त जनरल कोच जोड़े जा रहे हैं। इन गाड़ियों में कोच के जुडने से अब 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इससे ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को जनरल कोच में यात्रा करने की सुविधा मिलेगी साथ ही सामान्य कोच में यात्रियों की भीड़ का दबाव भी कम होगा और यात्रीगण सुगम एवं आरामदायक यात्रा कर सुखद अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

# मौसम आधारित कृषि सलाह

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा किसानों को खरीफ में विभिन्न फसलों में आने वाले मौसम आधारित कृषि सलाह दी गई है। सलाह में कहा गया है कि किसान धान फसल में लेही विधि अवस्था के तहत रोपा विधि की तरह ही मचाई कर खेत तैयार करें तथा अंकुरित बीज को खेत में पंक्ति में ड्रमसीडर या छिड़काव कर बोवाई करें।

**○ धान की खेती के लिए लेही विधि को अपनाएं किसान**

खुर्रा व कतार बोनी की गई धान फसल की उम्र 18-20 दिन हो जाने पर निंदा नियंत्रण हेतु विसपायरीबैक सोडियम सक्रिय तत्व (10 प्रतिशत) 250 मिली प्रति हेक्टेयर या फिनाक्साप्रापपी इथाइल सक्रिय तत्व (9.3 प्रतिशत) 625 मिली प्रति हेक्टेयर छिड़काव करें। खुर्रा व सीधी विधि से बोनी की गई धान की 20 से 25 दिन की अवस्था हो जाने पर बियासी कर सघन चलाई करें। जिले में लगातार वर्षा होने अथवा बोआई में विलम्ब होने से बतर बोनी एव रोपणी (नर्सरी) की तैयारी करने का समय नहीं मिलने पर लेही विधि अपनाएं। खेत में अधिक पानी नहीं रखे अन्यथा बोये गये अंकुरित बीजों के सडने की संभावना रहती हैं। जिन खेतों में धान की रोपाई हो चुकी है, वहां 15-20 दिनों बाद की जाने वाली यूरिया की टॉप ड्रेंसिग करें। देरी से रोपाई की स्थिति में अधिक अवधि का थरहा होने पर उसकी पत्तियों के ऊपरी भाग को तोड़ कर प्रति हिल 3-4 पौधे लगाये। रोपाई से पूर्व थरहा को क्लोरोपायरीफास 20 ईसी 3-4 मिली एवं 25 ग्राम यूरिया को 1 लीटर पानी में घोलकर 1 घण्टे तक जड़े डुबाकर उपचारित करें। इसके बाद रोपाई करें, जिससे तना छेदक एवं अन्य कीटों से रोकथाम हो सकेगी। मौसम पुर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

# साइकिल पाकर छात्राओं के खिले चेहरे, 57 छात्राओं को निःशुल्क सायकल दी

खैरागढ़ (दावा)। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कामठा में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य, जिला पंचायत उपाध्यक्ष व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार बधाई के पात्र है, जिन्होंने सरस्वती सायकल योजना के तहत शिक्षण करने वाले 9वीं के छात्राओं को निःशुल्क सायकल देने की व्यवस्था किये हैं विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि न केवल नौकरी के लिए बल्कि अपने आत्म सम्मान, आत्म निर्भरता के लिए भी शिक्षा बेहद जरूरी है। स्वर्णिम कैरियर के लिए कोई शार्टकट रास्ता नहीं हो सकता। शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष मुकेश वर्मा



ने बताया कि राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत विद्यालय में सत्र 2024-25 में कक्षा 9वीं में अध्ययन करने वाली 57 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया है। इस दौरान भाजपा नेता विकेश गुप्ता, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, जिला अध्यक्ष पिछडा वर्ग हरप्रसाद वर्मा, आलोक श्रीवास, जनपद सदस्य अनूप वर्मा, केशव चन्देल, केशव जंघेल, राजेश वर्मा, अनिल कुर्रे प्राचार्य निलेन्द्र वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्राये बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्पीच थेरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी ने 10 वर्षों में 1000 से अधिक बच्चों को स्पीच थेरेपी और परामर्श प्रदान किया

राजनांदगांव (दावा)। भाषा बहुरंगी दुनिया को समझने और भावनाओं को आकार देने का एक सशक्त माध्यम है। आज हम छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की स्पीच थेरेपी विशेषज्ञ-स्पेशल एजुकेटर श्रीमती रजनी राठी के बारे में बात करने जा रहे हैं, जो लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला रही हैं।



रजनी राठी खासतौर पर उन बच्चों की मदद करती हैं, जिन्हें बोलने में कठिनाई होती हैं। अपने कुशल दृष्टिकोण और गहन ज्ञान के माध्यम से, वह बच्चों की संचार क्षमताओं को बेहतर बनाने में सफल रही हैं। पिछले 10 वर्षों में उन्होंने 1000 से अधिक बच्चों को स्पीच थेरेपी और परामर्श प्रदान किया है। अपनी लगन और मेहनत के परिणाम स्वरूप श्रीमती रजनी राठी ने 2016 में राजनांदगांव में अपना स्पीच थेरेपी सेंटर स्थापित किया। यहां वे बच्चों के लिए विभिन्न स्पीच और भाषा विकारों के उपचार के लिए सेवाएं प्रदान करती हैं, उनकी कड़ी मेहनत और विशेषज्ञता की बदौलत कई बच्चे हकलाने जैसी समस्याओं से उबरकर सामान्य जीवन जीने की ओर अग्रसर हुए हैं।

स्पीच थेरेपी सेंटर खोलने के शुरुआती दिनों में श्रीमती रजनी राठी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। धीरे-धीरे जागरूकता आने के बाद स्पीच थेरेपी सेंटर ने अब अपनी बेहतरीन सेवाओं से जिले में अपनी एक अलग पहचान बना ली है।

स्पीच थेरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी एक माँ और पत्नी के रूप में, उन्होंने अपने परिवार और करियर के बीच संतुलन बनाए रखा है। उन्हें हमेशा अपने पति दीपक राठी का संबल मिला है। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने श्रीमती रजनी को अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने में मदद की है। दीपक राठी का निरंतर समर्थन और प्रेरणा रजनी की सफलता की नींव है, जिससे वह अनगिनत लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकी हैं। श्रीमती रजनी राठी की कहानी संघर्ष, समर्पण और सेवा की मिसाल है।

उन्होंने यह साबित कर दिया है कि अगर इरादे मजबूत हों और मेहनत की जाए तो किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है, उनके इस योगदान और सफलता ने न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार और समाज को भी गौरवान्वित किया है।

# एकलव्य विद्यालय में प्रवेश हेतु काऊंसिलिंग 5 से 8 अगस्त तक



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के निर्देशानुसार जिला स्तरीय मेरिट सूची के आधार पर कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रदान करने की अनुमति दी गई है। जिसके तहत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जिला स्तर पर 5 से 8 अगस्त 2024 तक प्रवेश प्रक्रिया के तहत काऊंसिलिंग की जाएगी। काऊंसिलिंग में आवेदकों को आवश्यक अभिलेखों के साथ विद्यालय में निर्धारित तिथि एवं विद्यालयीन समय में उपस्थित होने कहा गया है। वांछित अभिलेखों के अभाव में प्रवेश प्रदान नहीं किया जाएगा।

# कलेक्टर ने सड़क पर घुमंतू पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सड़क पर घुमंतू पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बैठक ली।




कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सड़कों पर घुमंतू पशुओं के आ जाने के कारण हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में 75 स्थानों का चिन्हांकन किया गया हैं, जहां मवेशी बैठते है और जिसके कारण दुर्घटना होनी की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जिले से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरती है। राष्ट्रीय राजमार्ग में मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। जिसमें पशुओं के साथ जनहानि भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग में आने वाले गांवों सहित पूरे जिले में पशुओं के लिए सुरक्षित समुचित व्यवस्था करना होगा, जिससे मवेशी सड़क पर ना आए। इस कार्य को सभी को जिम्मेदारीपूर्वक करना होगा। मवेशियों को सड़क से हटाकर कांजीहाऊस में रखने कहा। पशुओं का चिन्हांकित होने पर पशु मालिकों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने कहा और उन्हें खुले में पशुओं से होनी वाली जनहानि एवं पशु हानि के संबंध में समझाईश देने कहा। जिससे वे खुले में पशुओं को नहीं छोड़े।

उन्होंने कहा कि जिन पशुओं के मालिकों का चिन्हांकन नहीं होता है, उसे निलाम कर सकते है। उन्होंने पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में पशुमालिकों को जागरूक करने कहा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सरपंच एवं सचिवों को मवेशियों के लिए अपने-अपने स्तर पर गांव में उचित व्यवस्था करने कहा, जिससे पशु सड़क पर नहीं बैठे। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रतिनिधि को गांव में बने कांजीहाउस में मवेशियों को छोडने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले के सभी कांजी हाउस में रखे मवेशियों की नियमित जांच कराने के लिए रोस्टर में डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश पशु चिकित्या विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार भी साझा किए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सभी सीईओ जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत अंजोरा, देवादा, टेड़ेसरा, सोमनी, ठाकुरटोला, तोरनकट्टा, सुंदरा, पारीकला, भानपुरी, तुमड़ीबोड़ के सरपंच व सचिव, गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान के प्रतिनिधिगण, श्रीराम गौशाला खपरीकला के प्रतिनिधि, गौशाला प्रबंधन समिति के सदस्य, अशोका टोल प्लाजा के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जनसमस्या निवारण शिविर के लिये वार्डवासियों मे उत्साह

राजनांदगांव (दावा)। वार्डवासियों की समस्या का निराकरण वार्ड में ही करने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से जन समस्या निवारण पखवाड़ा आयोजित करने दिये गये निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक वार्डो में शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और वार्डवासी उत्साह से बड़ी तादात में शिविर में पहुच रहे है। आज गौरीनगर में वार्ड नं. 11,12 व 13 के लिये आयोजित शिविर में वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांगो एवं शिकायते संबंधी 247 आवेदन दिये, उन आवेदनो में से श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के 45 प्रकरणों का शिविर में ही निराकरण कर कार्ड बनाकर दिया गया।



गौरी नगर में आयोजित शिविर में बड़ी तादात में वार्ड नं. 11,12 व 13 के लोग पहुंचे, 247 आवेदन प्राप्त, 45 का शिविर में ही निराकरण

आज गौरी नगर में आयोजित शिविर का जायजा लेकर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश नागरिकों की समस्याओं का वार्ड में ही निराकरण करने जन समस्या निवारण पखवाड़ा आयोजन की कडी में निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में उपायुक्त व नोडल अधिकारी मोबिन अली के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वार्डो में आयोजित शिविर में वार्डवासी बड़ी संख्या में पहुचकर मांग एवं शिकायते संबंधी आवेदन लगा रहे है, प्राप्त आवेदनों में कुछ आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है तथा शेष आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजकर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जायेगा, ताकि वार्डवासियों को लाभ मिल सकें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि आज गौरीनगर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 11,12 व 13 के लिये आयोजित शिविर में पूर्व वरिष्ठ पार्षद तथा छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान, वार्डो के पार्षदों में वरिष्ठ सभापति समद खान, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोंगरे की उपस्थिति में वार्डवासी आवेदन दिये, जिसका अतिशीघ्र निराकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आज के शिविर में 247 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें जल विभाग के 11 प्रकरण में अमृत मिशन के तहत नल लगाने 5 आवेदन, पानी नही आने की शिकायत संबंधी 6 आवेदन प्राप्त हुये। इसी प्रकार राशन कार्ड के नया राशन कार्ड बनाने तथा नाम जोडने संबंधी 15 आवेदन, निराश्रित पेंशन में विधवा पेंशन के लिये 1 आवेदन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये जन्म प्रमाण पत्र बनाने 1 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के बी.एल.सी. के तहत स्वयं के जमीन पर आवास निर्माण हेतु 52 आवेदन, भवन नजूल में गौरी नगर में पट्टा की मांग संबंधी 87 आवेदन, राजस्व विभाग में नामांतरण संबंधी 1 आवेदन, विद्युत विभाग के 8 आवेदन में से 6 लाईट मरम्मत, 1 पोल हटाना व 1 बार बार लाईट बंद होने संबंधी तथा लोककर्म विभाग में प्राप्त 26 आवेदन में 24 रोड नाली निर्माण के लिये व 2 पानी निकासी नाली मरम्मत संबंधी आवेदन प्राप्त हुये। इसी प्रकार श्रमिक पंजीयन के लिये 7, आधार पंजीयन के लिये 15 व आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन के लिये 23 आवेदन प्राप्त हुये। जिनमें श्रमिक पंजीयन, आधार अपडेट तथा आयुष्मान कार्ड के सभी 45 प्रकरणों का निराकरण शिविर में ही किया गया। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कल 1 अगस्त को आम्बेडकर भवन सिविल लाईन में वार्ड नं. 16, 17 व 18 के लिये तथा 2 अगस्त को रेवाडीह स्कूल सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 20, 21 व 22 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे। शिविर में निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियों की समस्या के समाधान के लिये आवेदन लेगे। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की है कि वार्डो में आयोजित शिविर में पहुँचकर शासन की योजना का लाभ ले एवं अपनी समस्या का निराकरण कराये। शिविर में शिविर प्रभारी अधिकारियों में समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू व डागेश्वर कर्ष के अलावा विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैंकर्स कार्यशाला सह प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) अंतर्गत एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत ने इंटरप्राईज फायनेंस एवं लखपति दीदी पहल अंतर्गत चिन्हांकित समूह सदस्यों को नियमित रूप से बैंक लोन एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु मैदानी अमलों एवं कैडरों को निर्देशित किया।

कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा बैंक के कार्यप्रणाली एवं समय अनुरूप ऑनलाईन कार्यो के संबंध में बुनियादी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिला उद्यमियों को बैंकों के माध्यम से प्रदाय किए जाने वाले स्वयं सिद्धा ऋृष्ा के बारे में जानकारी प्रदान की गई और अधिक से अधिक महिला उद्यमी को जोडने का लक्ष्य दिया गया। इसके साथ ही एसएचजी बैंक लिंकेज मुद्रा योजना तथा ऑनलाईन लोन एप्लीकेशन महिला उद्यमी वित्तीय योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में नेशनल रिसोर्स पर्सन एस. सतपती एवं राजेन्द्र झा के साथ राज्य एनआरएलम प्रतिनिधि अशोक कुमार तकनीकी सहायता एजेंसी सीएससी के टीम लीडर आशीष चंद्राकर, एलडीएम मुनीश शर्मा, देना आरसेटी निदेशक विपिन एक्का एवं जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम, तकनीकी सहायता प्रबंधक सीएससी तथा विकासखंडों के बीपीएम एवं एरिया कार्डिनेटरों, एफएलसीआरपी, बैंकर्स उपस्थित थे।

# कोतवाली पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को धरदबोचा



लगभग एक हजार ग्राम ब्राउन सुगर जब्त

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने दुर्ग के दो आरोपियों मादक पदार्थ ब्राउन सुगर के साथ धर दबोचा है। बता दें कि महानगरों की तर्ज पर अभी छत्तीसगढ़ के शहरों में भी ब्राउन शुगर जैसा बहुत महंगा नशीला पदार्थ तस्करी करके लाया जाने लगा है। दुर्ग में तो बीते कुछ साल से ब्राउन शुगर कई बार पर पकड़ा जा चुका है। राजनांदगांव में भी सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को ब्राउन शुगर के साथ पकड़ने में बड़ी सफलता पाई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों अवैध गांजा, शराब के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### लखोली बायपास समीप घूम रहे थे आरोपी

इस क्रम में गुरुवार 01 अगस्त को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ ब्राऊन शुगर रखकर लखोली बाईपास के आसपास घूम रहे हैं। उक्त सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू एवं जिला सायबर सेल प्रभारी विनय परमार के नेतृत्व में संयुक्त रूप से टीम गठित कर मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड किया गया जहाँ दो व्यक्ति संदिग्ध रूप से मिले जिनसे नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम ,दीपेश साहू पिता स्व सुनील साहू उम्र 36 वर्ष निवासी संतरा बाड़ी स्टेशन रोड वार्ड नंबर 26 थाना मोहन नगर जिला दुर्ग और योगेश विश्वकर्मा पिता राजेश विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी बुद्ध विहार गली नंबर 05 शंकरनगर वार्ड नंबर 09 थाना मोहन नगर जिला दुर्ग होना बताया गया। संदेहियों की तलाशी लेने पर दीपेश साहू के कब्जे से एक वीवो कंपनी का स्कीनटच मोबाईल एवं एक पारदर्शी जिप पन्नी के अंदर 45 नग कागज की पुड़िया में 4672 मिली ग्राम मादक पदार्थ ब्राऊन शुगर एवं योगेश विश्वकर्मा के कब्जे से एक वीवो कंपनी का स्कीनटच मोबाईल एवं एक पारदर्शी जिप पन्नी के अंदर 55 नग कागज की पुड़िया में 4825 मिली ग्राम मादक पदार्थ ब्राऊन शुगर दोनो मिलाकर कुल 100 पुडिया मात्रा 9497 मिली ग्राम मादक पदार्थ ब्राउन शुगर पाया गया जिसे मौके पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

आरोपियो का कृत्य धारा-21 एनडीपीएस एक्ट अतर्गत दण्डनीय अपराध होना पाये जाने से उनके खिलाफ अपराध कमांक 471/24 धाराः-21 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया एवं गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। वहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल मे दाखिल कर दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक संजय बरेठ, विरेन्द्र सिंह प्रधान आरक्षक जी. सिरिल, संदीप चैहान आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, रंजीत चैरसिया कुश बघेल, प्रदीप जायसवाल, भागवत पैकरा, सायबर सेल राजनांदगाँव से प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, आरक्षक अवध किशोर साहू, मनीष वर्मा एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# जांच के नाम पर खानापूर्ति कर चले गये पीडब्ल्यूडी के अधिकारी

0 मोबाईल टेस्टिंग लैब के दिखावे और फोटो सेशन से निपटी जांच
0 सड़क दुर्घटना में मौत और घायलों की जिम्मेदारी पर जवाब नहीं दे पाए अधिकारी



निर्माणाधीन फोरलेन में लगातार हादसों व शिकायत के बाद पहुंचे थे अधिकारी

डोंगरगांव (दावा)। नगर के मध्य 3.60 किलोमीटर के निर्माणाधीन फोरलेन सड़क में बनते के साथ ही होने वाले गड्ढे तथा जल जमाव तथा लगातार हो रहे दुर्घटना तथा स्तरहीन निर्माण कार्यों को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद पीडब्ल्यूडी के आला अधिकारी गुरूवार को डोंगरगांव पहुंचे थे। जहां जांच के नाम पर खानापूर्ति कर अधिकारियों ने बैरंग लौटना मुनासिब समझा। इस दौरान वे मीडिया से बचते रहे, साथ ही जांच के लिए आई मोबाईल टेस्टिंग लैब निर्माणाधीन सड़क के चक्कर लगा बगैर किसी जांच के लौट गई। वहीं अधिकारियों द्वारा इस दौरान विभिन्न स्पाटों पर अलग-अलग एंगल से फोटो सेशन कर औपचारिकता निभाई।

बता दें कि बीते दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व नागरिकों ने कलेक्टर सहित अन्य जिम्मेदारों को विभिन्न माध्यमों से शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया था। उक्त शिकायत पत्र में निर्माण कार्य के संबंध में प्रारंभ से लेकर आज पर्यन्त उक्त सड़क में हो रहे लगातार हादसों व दुर्घटना में मृतकों व घायलों का जिक्र करते हुए गुणवत्ताहिन निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार उक्त शिकायत के बाद कलेक्टर द्वारा तकनीकी व प्रशासनिक जांच के लिए संबंधितों को निर्देशित किया था। जिसके बाद यह टीम पहुंची थी। इस दौरान जिम्मेदार अधिकारी स्थानीय मीडियाकर्मी व आमजनों से बचते नजर आये। वहीं पूछे जाने पर अधिकारी बारिश का हवाला देते तथा निर्माण कार्य अपूर्ण होने की बात कहते हुए अप्रत्यक्ष तौर पर ठेकेदार का बचाव करते नजर आये। विदित हो कि उक्त निर्माण कार्य के कार्य पूर्णता की अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी है। परन्तु, पीडब्ल्यूडी द्वारा ठेकेदार पर कार्यवाही करने के बजाय समय सीमा बढ़ा देने की अपुष्ट खबर है।

### जानिये क्या है शिकायत पत्र में


नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले स्टेट कारिडोर के 3.60 किमी में फोरलेन सडक़, डिवाइडर, ड्रेनेज सिस्टम तथा विद्युतीकरण का कार्य किया जाना है। इसके लिए शासन से लगभग साढ़े पन्द्रह करोड़ रू. स्वीकृत हुए हैं। उक्त कार्य लेखराम साहू फर्म को दिया गया है। इस कार्य के प्रारंभ से लेकर आज पर्यन्त तक गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह सदा बनते आया है। बात चाहे डब्ल्यूएमएम से लेकर डिवाइडर के क्रांक्रीटीकरण की हो या फिर नये नवेले सड़क में लगातार बन रहे जानलेवा गड्ढों की हो। इन्हीं सब समस्याओं को लेकर भाजपा के नेताओं ने बीते दिनों कलेक्टर को शिकायती पत्र दिया था। वहीं अब शिवसेना ने भी इन्हीं मुद्दों को लेकर मोर्चा खोल दिया है।

### जांच के लिए पहुंचे थे पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता

गुरूवार को नगर के निर्माणाधीन फोरलेन सड़क तथा ड्रेनेज सिस्टम की जांच के लिए पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता बीएस बघेल, अधीक्षण अभियंता एचआर ध्रुव तथा कार्यपालन अभियंता एके चौहान पहुंचे थे। इस दौरान एसडीओ हर्षद साहू व उप अभियंता कौशल जत्ती मौजूद थे। आश्चर्य की बात तो यह है कि इसकी भनक शिकायतकर्ताओं को भी नहीं थी, जबकि शिकायतकर्ताओं ने अपने शिकायत में खुली जांच की मांग की थी। वहीं अधिकारियों की आने की खबर के साथ ही संबंधित ठेकेदार ने गड्ढों को भरने का काम भी प्रारंभ कर दिया था। जबकि विभाग उक्त सडक़ में किसी प्रकार के कोई भी जांच किये बगैर मोबाईल टेस्टिंग लेब के वैन को बैरंग ले गये। वहीं जांच के नाम पर चार पांच स्थानों पर अधिकारी खड़े हुए, फोटो सेशन कराया और चलते बने।

# पं. प्रदीप मिश्रा की आज से 8 तक आनलाईन शिवपुराण कथा

'एक लोटा जल सारे समस्या का हल' वाले कुबेरेश्वर धाम के कथावाचक श्रद्धालुओं के बीच होंगे वर्चुअल



राजनांदगांव (दावा)। सावन के इस पावन महीने में चारों ओर 'शिव' की भक्ति की बहार रहती है। लोग अपनी दिनचर्या की शुरुआत भगवान शिव की पूजा-भक्ति से करते हैं। इस पावन माह मे 'शिवपुराण' की कथा सुनने अत्यंत ही भक्तिभाव से श्रद्धालु जन लालायित रहते हैं। सनातन धर्म के 4 वेद 18 पुराणों में से एक प्रमुख व सुप्रसिद्ध 'शिवपुराण' में परब्रह्म, परमेश्वर के शिव (कल्याणकारी) स्वरूप का तात्त्विक विवेचन, रहस्य, महिमा एवं उपासना का सुविस्तृत वर्णन किया गया है। साथ ही इस पुराण में भगवान शिव की पूजा व्रत के नियमों को भी बताया गया है।

इसी में उन रहस्यों को भी बताया गया है जिनसे भगवान शिव को जल्दी प्रसन्न करके दुख, दरिद्रता और संकटों से पार पाया जा सकता है। शिव पुराण की कथा वाचन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करने वाले सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा वर्चुअल माध्यम से श्रद्धालुओं से जुड़ने जा रहे हैं। श्रद्धालुओं में इस बीच उनसे जुड़ने और उनकी कथा का रसपान कर भक्ति भाव में आनंदित होने को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता बनी हुई है। आज 2 अगस्त शुक्रवार से 8 अगस्त गुरुवार तक पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा जी उक्त वर्चुअल माध्यम से श्रद्धालुओं से जुड़ने जा रहे हैं। जिसका प्रसारण आस्था चैनल और सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों के बीच कथा वाचन करते हुए उपस्थित होंगे। बताया जा रहा है कि वीआईपी लोगों के लिए आडिटोरियम के 700 सीट आरक्षित कर दिया गया है।

### वीवीआईपी और जनप्रतिनिधियों के आने की संभावना

जानकारी के मुताबिक पहले दिन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह परिजनों सहित आ सकते है, वही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय के उपस्थिति की भी संभावना है। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रदेश के जनप्रतिनिधियों के आने की संभावना जताई जा रही है।

### पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन सजग

पंडित प्रदीप मिश्रा कथा वाचक के आगमन को लेकर प्रशासन ने अपनी सजकता दिखाई है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भीड़ को रोकने सूचना भी प्रसारित किया है। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का यह कार्यक्रम सार्वजनिक न होकर, ऑनलाइन प्रसारण कार्यक्रम है। भक्तों की भीड़ न हो इसलिए लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति नियंत्रण हेतु सूचना जारी की गई है।

# केदारनाथ यात्रा रोकी गई, अब तक 14 लोगों की मौत

देहरादून। बुधवार शाम से बारिश से संबंधित घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई है। देहरादून में चार, हरिद्वार में छह, टिहरी में तीन और चमोली में एक. देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि बुधवार रात रायपुर क्षेत्र में दो लोग नहर में डूब गए.

दिल्ली-एनसीआर के अलावा पहाड़ों पर भी बारिश ने कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. उत्तराखंड में गुरुवार को भारी बारिश की वजह से अब तक 14 लोगों की मौत हो गई है, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोग भी शामिल हैं. लगातार हो रही बारिश की वजह से इस पहाड़ी राज्य के कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है.

अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि रात भर हुई भारी बारिश के कारण उत्तराखंड में बाढ़ आ गई और कई नदियां उफान पर आ गईं, जिससे चौदह लोगों की मौत हो गई और 10 से अधिक लोग घायल हो गए.

# बालाजी मंदिर समिति ने किया पौधरोपण



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से पेड़ लगाने लोगों को प्रेरित करने लगभग 10 वर्षो से शहर के गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। प्रतिवर्ष मंदिर समिति द्वारा लगभग 100 पौधे लगाए जाते हैं। इस वर्ष अपने अभियान की शुरूआत करते मंदिर समिति के सदस्यों ने श्री बालाजी हनुमान मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के 52 पौधों का रोपण किया।

मंदिर समिति के लोगों ने कहा कि हर आदमी को एक पौधा लगाना चाहिए। जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहेगा और भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिलने के साथ ही वातावरण में शुद्धता आएगी। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे अच्छी वर्षा के लिए सहायक होते हैं। हम सभी को अपना दायित्व निभाते सृष्टि के संरक्षण के लिए पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

### वृक्ष लगाने का संदेश

श्री बालाजी मंदिर समिति द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति से जुड़े हनुमान महाराज, खूबचंद पारख, श्रीकिशन खंडेलवाल, पार्षद मधु बैद, बिसन अग्रवाल, महेश अग्रवाल, नंदकिशोर भूतड़ा, दामू भूतड़ा, अनिल वार्ष्णेय, सुभाष हुंका, दिनेश लाल, पुरूषोत्तम गांधी, संतोष हुंका, रमेश डागा, राजू लड्डा, राजू खंडेलवाल, सचिन अग्रहरि, कैलाश राठी, रमेश राठी, गुच्ची जैन, सुनील अबधानी, छोटू भूतड़ा, ओमू पोरवाल, संजय सोनी, संजू शर्मा, नीरज पोरवाल, जसराज सेठिया, उमेश ठक्कर, भरत गरिहा सहित अन्य सदस्यों ने यहां पौधरोपण करते अन्य लोगों को भी पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन के दिशा में वृक्ष लगाने का संदेश दिया है।

# पीएम सड़क योजना से बनी पुल बही, कई गांवों का संपर्क टूटा

**अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर जिले में प्रधानमंत्री सड़क योजना का पुल ध्वस्त हो चुका है।**

प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत एक साल पहले बनाया गया मानपुर मुख्यालय के पुकदा और गट्टेगहन नाला में बनाया गया पुल आधी रात को पानी की धार में बीचों बीच बह गया।

उल्लेखनीय है कि, बालोद जिला के दल्लीराजहरा चौक से मानपुर के महाराष्ट्र सीमा तक साढ़े 6 सौ करोड़ की लागत से निर्माणाधीन एनएच 930 में निर्माणाधीन सड़क और पुल बह गया। मानपुर से कोराचा, संबलपुर होते हुए जिले के अंतिम गांव बुकमरका तक 10 किलोमीटर प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क और पुल पुलिया का निर्माण 1 वर्ष पूर्व हुआ था। निर्माणाधीन सड़क के बनने के दौरान ही सड़क से डामर उखड़ने का मामला सामने आते रहा। मोहला में प्रधानमंत्री सड़क योजना का पुल ध्वस्त हो चुका है. 1 साल पहले बनाया गया मानपुर मुख्यालय के पुकदा और गट्टेगहन नाला में बनाया गया पुल आधी रात को पानी की धार में बीचों बीच बह गया. यहां के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अमला मामले में खामोश रहे. पानी की धार से नाले में बना पुलिया ध्वस्त हो गया और एक साल भी नहीं टिक पाया। पुकदा गट्टेगहन के बीच पुलिया के धसकने के कारण संबलपुर पुलिस कैंप में तैनात जवानों से लेकर सड़क के दायरें में आने वाले गांवों के आम ग्रामीण मानपुर मुख्यालय से सीधे कट गए हैं।

# नगर निगम का तोड़ू अतिक्रमण दस्ता ने चिखली थाना के पास रास्ते में लगे ठेला हटाये



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम सीमांतर्गत अवैध निर्माण एवं शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रभावी रूप से रोकथाम करने के लिये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने नगर निगम में अतिक्रमण दस्ता (तोड़ू दस्ता) का गठन किया है। गठित दल निगम सीमाक्षेत्र में अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करते है। इसी कडी में आज चिखली थाना के पास, दीनदयाल कालोनी जाने वाले मार्ग से ठेला खोमचा को निगम व पुलिस की टीम ने हटाने की कार्यवाही किये।

इस संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि चिखली थाना के पास दीनदयाल कालोनी जाने वाले मार्ग में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा लगाने की शिकायत प्राप्त हुई, उक्त ठेलावालों को हटाने नोटिस दिया गया था, ठेला नहीं हटाने पर आज नगर निगम के अतिक्रमण तोड़ू दस्ता द्वारा पुलिस बल सहित हटाने की कार्यवाही की गयी।

उन्होंने अतिक्रमण दस्ता से कहा कि शहर में जहाँ-जहाँ पर अतिक्रमण किया जा रहा है, उन्हे तत्काल नोटिस देकर हटाया जाये और संबंधित के विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाये। अतिक्रमण हटाने के दौरान प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व दीपक महला, उपअभियंता अनिमेष चंद्राकर व तिलक राज ध्रुव, प्र.पटवारी मिलीन्द रेड्डी व गणेश झा सहित निगम तथा पुलिस बल उपस्थित था।

# शहीद मुदलियार की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि, वृद्धाश्रम में किया फल वितरण



राजनांदगांव (दावा)। शहीद उदय मुदलियार की जयंती पर कांग्रेसजनों ने पोस्ट ऑफिस चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक श्री मुदलियार को याद करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसियों ने अपनी भावपूर्ण विचार व्यक्त किए। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। शहीद मुदलियार की जयंती के अवसर पर कांग्रेसजनों ने वृद्धाश्रम में फल वितरण भी किया। कांग्रेस कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व विधायक मुदलियार को याद किया गया।

कांग्रेसजनों ने उनके कुशल नेतृत्व व संगठन हेतु उनके समर्पण को उल्लेखनीय बताया। कांग्रेस नेताओं ने विचार रखते हुए कहा कि, उदय भैय्या जैसा साहसी नेतृत्वकर्ता विरले ही प्राप्त होता है। उन्होंने अपना जीवन अपने लोगों के लिए लगा दिया। झीरम घाटी में उन्होंने अपनी शहादत दी। सदा ही उनका उदार व्यक्तित्व लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता था। उनकी मुस्कान उनकी पहचान रही। जनमानस के बीच आज भी उनका अस्तित्व कायम है।

शहीद मुदलियार को श्रद्धांजलि अर्पित किए जाने के दौरान जिलाध्यक्ष भागवत साहू, जितेंद्र मुदलियार, पंकज बांधव, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, मामराज अग्रवाल, महेंद्र बाहदुर, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, अजय मारकंडे, हेमशंकर साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी उमर सिंह ठाकुर, गजेंद्र वैष्णव, पूर्व सरपंच चुम्मन निषाद, लालाराम निषाद, गणेश वैष्णव, मानसिंह साहू, टोमन साहू, सरपंच चेतन चंद्राकर, चंपा चंद्राकर, अमित खंडेलवाल, वीरेन्द्र चंद्राकर, नरेश साहू, सकूर चौहान, राकेश चंद्राकर, सुनील आहूजा, राजिक सोलंकी, अमित कुशवाहा, गौतम निषाद, पिंटू साहू, आदित्य वैष्णव, निखिल सोनवानी सहित वरिष्ठ कांग्रेसी एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता सहित राजनांदगांव विधानसभा के कांग्रेसी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# खेलो इंडिया ने खेलप्रेमी संस्कारधानी को दिया अनमोल उपहार

केन्द्र शासन से दिग्विजय स्टेडियम एवं हॉकी स्टेडियम के लिये मिली करोड़ो की स्वीकृति



खेल संघों ने पूर्व सांसद मधुसूदन के घर पहुँच कर केन्द्र एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया

राजनांदगांव (दावा)। मोदी सरकार की खेल एवं खिलाड़ियों के लिये संचालित महत्वाकांक्षी योजना खेलो इंडिया में छत्तीसगढ़ राज्य के खेलप्रेमी संस्कारधानी नगरी की जनता बड़ी सौगात दी है। शहर के ऐतिहासिक दिग्विजय स्टेडियम में मल्टीपरपज स्पोर्ट्स हॉल निर्माण के लिये 19 करोड़ 80 लाख रू., स्टेडियम में स्थिेटिक एथलेटिक्स टेऊक निर्माण हेतु 6 करोड़ 34 लाख रू. एवं शहर के गौरवपथ स्थित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में टर्फ बदलने एवं अधोसंरचना निर्माण के विविध कार्यो हेतु 8.80 करोड़ रू. की धनराशि खेला इंडिया योजना के तहत स्वीकृत की गई है।

केन्द्र सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मामले के मंत्री मनसुख मांडविया ने विगत दिनों अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर में इन विकास एवं निर्माण कार्यो की घोषणा की है, जिससे राजनांदगॉव जिले के खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमी जनता में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

राजनांदगांव जिले के सभी खेल संघों ने पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के निज निवास पहुँचकर केन्द्रीय एवं राज्य की भाजपा सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आभार प्रदर्शित किया है। आभार व्यक्त करने पूर्व सांसद मधुसूदन के निवास पर मौजूद रहने वाले खेल संघों के गणमान्य प्रतिनिधिगण में जिला एथलेटिक्स संघ राजनांदगॉव के अध्यक्ष विवेक शुक्ला, सचिव रणविजय प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, नगर निगम कबड्डी संघ राजनांदगॉव के अध्यक्ष महेश साहू, सचिव तीरथ गिरी गोस्वामी, जिला ओलंपिक संघ राजनांदगॅाव के अध्यक्ष अतुल चोपड़ा जिला रोपस्किपिंग संघ राज. एवं छ.ग. रोप स्किपिंग संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर, विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारीगण शैलेन्द्र तिवारी, राजाराम देवांगन, सतीश ब्यौहरे, प्रकाश साठिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। खिलाड़ीगण के प्रतिनिधि के रूप में श्रद्धा, धनेन्द्री, लीना, हीना, निकिता, अंजली, निशा, चंचल, नीतू, गोविन्द, अनिल, विकास, सौरभ, नितेश विख्यात उपस्थित रहे।

इन सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कैबिनेट मंत्री मनसुख मांडविया, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक राजनांदगांव डॉ. रमन सिंह, राजनांदगॉव सांसद संतोष पांडे सहित पूर्व सांसद राजनांदगॉव मधुसूदन यादव को धन्यवाद देते हुए विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति हेतु जिले की खेलप्रेमी जनता एवं खिलाड़ियों की ओर से

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com